

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता




जयपुर, 10 जनवरी - 16 जनवरी, 2024

पौष, पक्ष - कृष्ण, तिथि - चतुर्दशी, संवत 2080 पृष्ठ : 8+4 बुधवार वर्ष-9, अंक-46, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-


## 'सहारा' जो बे'सहारा होकर गया

यूं तो जिंदगी का असल सत्य हमें 'कोविड-19' ने बता दिया था। जिसमें कोई किसी का नहीं रहा। पैसा भी काम नहीं आया। जिनको जाना पड़ा वे अकेले ही लावारिशों की तरह चले गए।

सटीक




शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net


अंतिम संस्कार तक सही से नहीं हो पाया। एक-दूसरे पर जान छिड़कने वाले खून के रिश्ते कोराना में पास भी नहीं फटके। दूसरे लोगों ने ही अंतिम संस्कार किया। अपने तो तमाशबीन बनकर दूर से ही देखते रहे। खैर मैं बात कर रहा था ताजातरीन घटना जिसे दुनिया के लाखों करोड़ों लोगों ने देखा, सुना और पढ़ा है। 'सहारा' एक ऐसा नाम है जो असहाय लोगों का सहारा बनता है। सहारा के नाम से कई दशक पहले एक संस्था का नाम गढ़ा गया था, जिसने छोटे-छोटे लोगों से, छोटे-छोटे कामगारों से, छोटे-छोटे उद्योग धंधा करने वालों से रेहड़ी और ठेले वालों से सहारा बनने के नाम पर पैसे इकट्ठे किए। पैसे भी कोई थोड़े-बहुत नहीं। अरबों रुपए इकट्ठे कर लिए। हवाई जहाज चलाया, क्रिकेट के मैदान में चारों तरफ सहारा के होर्डिंग नजर आते थे। अखबार चलाया, टीवी चैनल चलाया। पूरी दुनिया में जिनका कारोबार और धाक फैली हुई थी, चिटफंड, सेविंग्स फाइनेंस, मनोरंजन, होटल, आदि सब कुछ था। गरीबों का सहारा बनते-बनते राजनीतिज्ञों व राजनीतिक पार्टियों का सहारा बन गए। गरीबों से पता नहीं, किन-किन योजनाओं के नाम पर पैसे इकट्ठे कर लिए। लौटाने के नाम पर तारीखें बताते रहे, फर्जीवाड़े कर पैसे को हजम कर लिए। लोगों ने रिटायरमेंट के पैसों को सुरक्षित समझकर सहारा में जमा करा दिए। किसी ने अपने बच्चों की शादी के लिए इकट्ठे करने के नाम पर, तो किसी ने अन्य किसी योजनाओं को साकार करने के लिए सहारा कंपनी में पैसे जमा करा दिए। इसमें सहारा के एजेंटों की बड़ी भूमिका रही। कुछ अपवाद स्वरूप लोगों के पैसे वापस भी हुए, मगर अधिकांशतः सबको धता बताते हुए सहाराश्री इस दुनिया से पलायन कर गए। सब रोते ही रह गए। सहारा में निवेश किए पैसों के बांड्स को संभालकर रखे हुए हैं। शायद उन्हें उनकी मेहनत की कमाई वापस मिल जाए। मगर विधि का विधान देखिए। ये वही सहारा थे जिनकी महफिलों में कभी राजनेता से लेकर अभिनेता और बड़ी-बड़ी हस्तियां दुम हिलाते नजर आते थे। ये वही सहाराश्री थे जिन्होंने अपने बेटे सुशान्तो-सीमांतो की शादी में 500 करोड़ से भी अधिक खर्च किए थे। ऐसा भी नहीं था कि सहाराश्री अचानक ही संसार से पलायन कर गए हों। उन्हें कैंसर था। कैंसर के मरीज को और उनके परिजनों को पता होता है कि अब मरीज की जिंदगी के कितने दिन शेष हैं। लेकिन अंत समय में उनके पास उनका कोई परिजन नहीं था। दोनों बेटे और जीवन संगनी पत्नी में से कोई भी तो नहीं। बेटों का उन्हें अंत समय में कंधा भी नसीब नहीं हुआ। वे सहारा बने थे, मगर बे'सहारा होकर चले गए। विचार करो-जिनके लिए आप जीवनभर हाय-हाय करते रहते हैं, जिनकी खुशी के लिए आप दूसरों की खुशी छीनते रहते हैं। जिनका घर बसाने के लिए आप हजारों लाखों का घर उजाड़ देते हैं। वे पुत्र और वह परिवार आपके लिए अंतिम दिनों में साथ तक नहीं रह पाते। कभी ठहरकर सोचिए जिनके लिए कुकर्म करके भी पूंजी जमा करते हैं। उन्हें भोगने वाले किस हद तक 'अपने' हैं। महात्मा बुद्ध का एक प्रसंग आता है जिसमें उन्होंने अंगुलीमाल से यही तो कहा था 'मैं तो कब का ही रुक गया, तुम कब रुकोगे...'। आज हम सबको विचार करने की जरूरत है- 'क्या दौड़ने का नाम ही जिंदगी है'। 'सहारा' बनो, बे'सहारा नहीं।


Shivdayalmishra@gmail.com


## संसद टीवी की तरह राजस्थान विधानसभा का भी बनेगा टीवी चैनल

### विधानसभा अध्यक्ष बोले... राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली होगी पेपरलेस, विधानसभा में बनेगी हेल्प डेस्क, विधायकों को देगी आईटी प्रशिक्षण डिजिटल खतरों से बचाव के लिए सुरक्षात्मक पहलुओं के साथ विधानसभा होगी अपडेट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा में शीघ्र ही हेल्प डेस्क की स्थापना होगी, जो राजस्थान के प्रत्येक विधायक को पेपरलेस प्रक्रिया का प्रशिक्षण देगी। विधानसभा को पेपरलेस बनाये जाने के लिए विधानसभा के सूचना तकनीक से जुडे अधिकारियों की एक बैठक में मंगलवार को देवनानी ने कहा कि आज के जमाने में डिजिटल सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्थान विधानसभा को साइबर खतरों से बचाने के लिए सभी सुरक्षात्मक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में टेक्नीकल और डिजिटल अपग्रेड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाए।

देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा की गतिविधियों की जानकारी आमजन को तुरन्त मिल सके, इसके लिए संसद टीवी की तरह राजस्थान विधानसभा का भी टीवी चैनल और वॉटसअप चैनल बनाया जावेगा। राजस्थान विधानसभा को आमजन से जोड़ने के लिए अद्धतन सूचना तकनीक का उपयोग किया जाएगा। राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईटी एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्य करें, ताकि साइबर खतरों से विधानसभा सुरक्षित रह सके।



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि आज का जमाना आमजन तक जल्द से जल्द सूचना पहुँचाने का है। उन्होंने कहा कि विधानसभा की सोशल मीडिया की सभी एप्लीकेशन्स को तुरन्त अपग्रेडेशन करें, सूचनाओं को अपडेट रखें। विधानसभा के यूटयूब चैनल को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई सोच और अद्धतन सूचना तकनीक के साथ कार्य करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेन्टर के राजस्थान प्रभारी जितेन्द्र वर्मा, सेन्टर के विधानसभा में प्रभारी सोहन लाल कुमावत, प्रमुख शोध व सन्दर्भ अधिकारी विनोद मिश्रा सहित विधानसभा की आईटी सेल से जुडे हुए अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### उदयपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## 'विकसित भारत' का निर्माण ही हमारा संकल्प जो वादे किए, उन्हें पूरा करेंगे-मुख्यमंत्री

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से भारत में विकास के नए क्षितिज का निर्माण होगा। इस यात्रा के जरिए हम मिलकर विकसित भारत के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करेंगे। यह सिर्फ सपना ही नहीं, हमारा मजबूत संकल्प है। हमारी सरकार ने प्रदेशवासियों से संकल्प पत्र में जो वादे किए हैं, उन्हें धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत 1 जनवरी से 450 रुपए में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने से हो चुकी है। इससे लगभग 73 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। शर्मा मंगलवार को उदयपुर की ग्राम पंचायत नाई में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करने के बाद जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के विजन से योजनाओं का पूरा लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना है।



### संकल्प यात्रा ने जन आंदोलन का लिया रूप

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि संकल्प यात्रा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक जन आंदोलन का रूप ले रही है। यात्रा शिविरों को लेकर राजस्थान कई मामलों में देशभर में अव्वल स्थान पर है। इनमें पीएम उज्ज्वला योजना में पंजीकरण और स्वास्थ्य कैम्पों में 28.62 लाख लोगों की टी.बी जांच और 47.40 लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच कर प्रथम स्थान पर है। साथ ही, पीएम सुरक्षा बीमा में भी राज्य तीसरे स्थान पर हैं। अब तक शिविरों में 1 करोड़ 6 लाख से अधिक लोग हिस्सा ले चुके हैं। शिविरों में 3 लाख 51 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ किसानों तक पहुंचाया जा चुका है।

### राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर बोलीं ममता बनर्जी

## 'मैं ईश्वर-अल्लाह की कसम खाकर'...

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान आया है। उन्होंने मंगलवार यानी 9 जनवरी को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा क कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के माध्यम से "नौटंकी दिखावा" कर रही है।

उन्होंने कहा, 'कल मुझसे राम मंदिर को लेकर पूछा गया... मैं उस उत्सव पर विश्वास रखती हूं जो सभी को साथ लेकर चले, सबके बारे में बात करे... आपको जो करना है करिए, आप चुनाव से पहले गिमिक कर रहे हैं करिए, मुझे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन दूसरे समुदाय के लोगों की अवहेलना करना सही नहीं है... मैं ईश्वर-अल्लाह की कसम खाकर कहती हूं कि जबतक मैं रहूंगी तब तक कभी हिंदु-मुसलमान में भेदभाव करने नहीं दूंगी।'

### जयपुर की बेटी को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने दिया सम्मान

## दिव्यकृति अर्जुन अवार्ड से सम्मानित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत साल 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। राजस्थान की एक खिलाड़ी को अर्जुन अवार्ड दिया गया है। जयपुर की दिव्यकृति ने आज इतिहास रच दिया है। जयपुर की दिव्यकृति सिंह राठौड़ को घुड़सवारी ड्रेसेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दिव्यकृति अर्जुन पुरस्कार पाने वाली पहली महिला घुड़सवार हैं। दिव्यकृति सिंह राठौड़ ने देश को घुड़सवारी में 41 साल के लंबे इंतजार के बाद गोल्ड मेडल दिलाया। भारतीय घुड़सवार ड्रेसेज टीम की सदस्य दिव्यकृति सिंह राजस्थान की बेटी हैं। देश के लिए गोल्ड लाने वाली दिव्यकृति सिंह अर्जुन अवॉर्ड पानी वाली पहली महिला घुड़सवार हैं। उनकी ड्रेसेज टीम में दिव्यकीर्ति के साथ हृदय छेड़ा, अनुष अग्रवाल, सुदीप्ति हजेला भी शामिल थी। दिव्यकृति सिंह राठौड़ ने एशियाई खेल-2023 में ड्रेसेज टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

### जयपुर में हुआ था का जन्म

दिव्यकृति सिंह राठौड़ एक बेहतरीन घुड़सवार हैं। ये खेल उन्हें विरासत में मिला है। पिता विक्रम सिंह भी इस खेल में अच्छी खासी पहचान रखते हैं। वो राजस्थान पोलो संघ से जुड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय ड्रेसेज राइडर दिव्यकृति (23 वर्ष) का जन्म जयपुर में हुआ था।

## नीट पीजी परीक्षा 7 जुलाई को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने आयुर्विज्ञान में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश स्नातकोत्तर परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने परीक्षा के लिए लिए सात जुलाई तय की है। नीट की काउंसलिंग अगस्त के पहले सप्ताह में होगी। बोर्ड ने बताया है कि इस बार नेशनल एग्जिट टेस्ट आयोजित नहीं किया जाएगा।





HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- »मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- »सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- »असाध्य घाव/शुगर के घाव
- »कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- »अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- »डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
JAGRUK CITY
जागरूक सिटी
02
जयपुर, बुधवार
10 - 16 जनवरी 2024

### सूर्यदेव 14 जनवरी को मध्यरात्रि बाद रात 2 बजकर 44 मिनट पर मकर राशि में करेंगे प्रवेश

# अश्व पर सवार होकर आ रही मकर संक्रांति, दो दिन उल्लास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** इस बार मकर संक्रांति दो दिन मनाई जाएगी। पौष शुक्ल तृतीया पर 14 जनवरी को पतंगबाजी होगी, वहीं दूसरे दिन 15 जनवरी को पुण्यकाल रहेगा। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति का उल्लास दो दिन रहेगा। वहीं इस बार मकर संक्रांति अश्व पर सवार होकर आ रही है, जो सुख–समृद्धि लेकर आ रही है। सूर्यदेव इस बार 14 जनवरी को मध्यरात्रि बाद रात 2 बजकर 44 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसी के साथ सूर्यदेव उत्तरायण हो जाएंगे। ऐसे में मकर संक्रांति का पुण्यकाल अगले दिन 15 जनवरी को सूर्योदय के साथ शुरू हो जाएगा। 15 जनवरी को पुण्यकाल सूर्योदय के साथ सुबह 7 बजकर 21 मिनट पर शुरू हो जाएगा, जो



सूर्यास्त तक शाम 5 बजकर 50 मिनट तक रहेगा। इस बीच दिनभर संक्रान्ति के निमित्त व्रत-दान आदि किए जाएंगे। दान–पुण्य के लिए 10 घंटे 29 मिनट का समय मिलेगा। इस दिन लोग गायों को हरा चारा खिलाएंगे, वहीं तिल के बने व्यंजनों का दान करने का विशेष महत्व है। इस दिन गलता स्नान के लिए भी अलसुबह से ही लोग गलता तीर्थ में उमड़ेंगे।

### संक्रांति का फल

**ज्योतिषाचार्य** अक्षय शास्त्री ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति अश्व पर सवार होकर आ रही है, जो धोबी के घर में प्रवेश कर रही हैं। वहीं उपवाहन सिंह रहेगा। ब्राह्मण जाति की यह संक्रांति शरीर पर मार्जारमद (बिलाव का पसीना) का लेप लगाकर काले रंग के वस्त्र और दूर्वा की माला धारण कर हाथ में भाला (बरछी) लेकर पत्र के बर्तन में खिचड़ी का भोजन करती हुई प्रवेश कर रही है। संक्रांति बैठी हुई स्थिति में तथा वृद्धावस्था में रात्रि में तृतीय याम यानी तीसरे प्रहर में प्रवेश कर रही है। ऐसे में यह संक्रांति व्यापारियों के लिए सुख–समृद्धिदायक होगी। वहीं अनाज आदि के भावों में तेजी रहेगी।

### ये बन रहे योग

**ज्योतिषमत** के अनुसार 15 जनवरी को सुबह 8.07 बजे तक रवि योग रहेगा, इसके बाद सुबह 8 बजकर 7 मिनट पर कुमार योग शुरू हो जाएगा। इसदिन सोमवार होने के साथ सतभिषा व पूर्वाभाद्र नक्षत्र का संयोग भी रहेगा।

### अलग–अलग नाम से मनाते पर्व

**ज्योतिषाचार्य** अक्षय शास्त्री ने बताया कि भारत के अलग-अलग राज्यों में मकर संक्रांति को विभिन्न नामों से जाना जाता है। मकर संक्रांति को गुजरात में उत्तरायण, पूर्वी उत्तर प्रदेश में खिचड़ी और दक्षिण भारत में इस दिन को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के राशि परिवर्तन के मौके पर मनाया जाता है। धनुर्मास की संक्रांति समाप्त होते ही मकर राशि में सूर्य प्रवेश करते हैं।

### मकर संक्रांति पर पुण्यकाल के शुभ मुहूर्त

**ज्योतिषाचार्य** सत्यनारायण मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति पर दान–पुण्य का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 07:15 बजे से सुबह 9 बजे तक है। यह महापुण्य काल 1 घंटा 45 मिनट तक है। हालांकि पुण्यकाल में भी मकर संक्रांति का स्नान दान होगा।

### मांगलिक कार्य भी शुरू

**सूर्य** के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही धनु मलमास समाप्त हो जाएगा। ऐसे में 15 जनवरी के बाद फिर से विवाह, उपनयन आदि मांगलिक कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

### यह मिलता फायदा

**मकर** संक्रांति महापर्व में चावल, मूंग की दाल, काली तिल्ली, गुड, ताम्र कलश, स्वर्ण का दान, ऊनी वस्त्र आदि का दान करने से सूर्य की अनुकूलता, पितरों के साथ भगवान की कृपा होती है। यह दान जन्म कुंडली के नकारात्मक प्रभाव को भी दूर करता है और धन-धान्य की वृद्धि करता है।



### आरएसआरडीसी में समीक्षा बैठक आयोजित

# केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं के प्रोजेक्ट समयबद्ध रूप से पूरे करे-दीया

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिए है की केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं से मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, अस्पताल एवं अन्य निर्माण कार्य जो आरएसआरडीसी द्वारा करवाऐं जा रहें है, उन्हे गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूरा करें। उप मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े इन महत्पूर्ण कामों सहीत अन्य कामों को भी समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को जल्दी से जल्दी सुविधाओं का लाभ मिल सकें।

इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, आरएसआरडीसी के एमडी सुधीर माथुर एवं सचिव संजीव माथुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अनसेफ सडकों को तत्काल ठीक करें

उन्होंने कहा कि यह विभाग आमजन से सीधे तौर पर जुडा हुआ है। इसलिए हमारे कामों का असर भी दिखना चाहिए। हमारा विभाग जितना अच्छा काम करेगा जनता को सुविधाओं का उतना ही बेहतर लाभ मिलेंगा। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश दिए की पूरे राज्य में सड़कों के ऐसे क्षेत्र जो अनसेफ हो चुके है और दुर्घटना का कारण बन सकतें है उन्हें चिन्हीत कर तत्काल ठीक करवाऐं।

### क्वालिटी कन्ट्रोल की सुविधा का पूरा उपयोग करें

इस दौरान उन्होने आरएसआरडीसी कार्यालय में स्थापित केन्द्रीय गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। सम्बधित अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता जॉच में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों कि जानकारी उप मुख्यमंत्री को दी एवं उनका अवलोकन करवाया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा की इस सेन्ट्रल लैब के साथ जिलों एवं निर्माण स्थलों पर स्थापित लैबों का पूरा सदउपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए की हमारी लैब्स अन्य विभागों एवं लोगों के भी काम आ सके और राजस्व उत्पादन का कार्य भी कर सके।

## नाबालिग ने गाड़ी चलाई तो मालिक को हो सकती जेल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अगर आपने अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने दिया तो आपको सजा हो सकती है। दरअसल 18 साल से कम उम्र के किशोर-किशोरी बाइक, स्कूटी या कार चलाते हुए पाए जाते हैं तो वाहन मालिक या उनके संरक्षक को तीन साल की सजा और 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। हालांकि राजस्थान में इस कानून की सख्ती से पालना नहीं हो रही है, जबकि राजधानी में ही कई नाबालिग वाहन चलाते हुए मिल जाएंगे। नाबालिग के वाहन चलाने की वजह से हादसे का डर बना रहता है।

### सख्ती से कम होंगे हादसे


जानकारों का कहना है कि इस तरह के नियम की सख्ती से पालना होने पर सड़क हादसों में कमी आ सकती है। स्वेज फार्म में रहने वाले सुधीर कुमार का कहना है कि 18 साल से पहले बच्चों को गाड़ी देना अपराध करना है। पुलिस से ज्यादा यह जिम्मेदारी अभिभावकों की है। इस तरह की सख्ती जयपुर में होती है तो दुर्घटनाएं कम हो सकती हैं।

### सालभर रजिस्ट्रेशन होगा रद्द

केन्द्र सरकार की ओर से मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक-2019 में नाबालिग के वाहन चलाने पर संरक्षक या वाहन के मालिक को सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा वाहन का रजिस्ट्रेशन भी एक साल के लिए रद्द हो सकता है।

**अभिभावक** अपनी जिम्मेदारी समझें और नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए नहीं दें। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
**लक्ष्मणदास स्वामी** डीसीपी (ट्रैफिक)

### राजधानी में पर्यटकों का हुजूम



# 20 जिलों में दो दिन बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के कई जिले शीतलहर के चलते कड़ाके की सर्दी की मार झेल रहे हैं। वहीं आज और कल 20 से ज्यादा जिलों में मौसम का मिजाज बिगडने और मावठ संग कुछ इलाकों में ओलावृष्टि को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आधा दर्जन जिलों में तडके हुई मावठ से सर्दी के तेवर और तीखे हो गए हैं। जयपुर में सुबह कोहरा छंटते ही बर्फीली हवा धूजणी छुड़ा रही है।



### आधा दर्जन जिलों में मावठ


**प्रदेश** के आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में तडके से मावठ का दौर रहा। शीतलहर और बर्फीली हवाएं नश्तर की तरह चुभती रही जिसके चलते लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित रही। हालांकि रात के तापमान में पारा सामान्य से अधिक रहा लेकिन, सर्दी के तीखे तेवर कायम रहे। कोटा, बारां, धौलपुर, पाली, करौली में तडके से लेकर सूर्योदय के बाद तक बौछारों का दौर जारी रहा।

### 10 जिलों में रात में उछला पारा, दिन सर्द

**राजधानी** जयपुर समेत प्रदेश के करीब 10 से ज्यादा जिलों में बीती रात पारा औसत से अधिक रहा। जयपुर में बीती रात 3 डिग्री से ज्यादा तापमान में बढ़ोतरी हुई और न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री रहा जो इस बार जनवरी माह में सर्वाधिक रहा है। डबोक में न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड हुआ। कोटा 12.1, डूंगरपुर 16.1, अजमेर 10.3, भीलवा?ा 15.3, अंता बारां 12.8, करौली 10.4, धौलपुर 10.4 और जालोर में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### मैदानी इलाकों में बर्फीली हवा का डेरा

**पहाड़ों** से उतरकर मैदानों तक पहुंची बर्फीली हवा से प्रदेश में ठिठुरन बढ़ा दी है। पारे में वृद्धि के बावजूद कड़ाके की सर्दी लोगों को महसूस हो रही है। सीकर में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री रहा। बाडमेर 7.7, जैसलमेर 7.0, जोधपुर 9.5, बीकानेर 7.7, फलोदी 7.8, पिलानी 8.0 और सिरोही में बीती रात पारा 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहने और बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। अगले दो दिन बाद सर्दी से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है।



### राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### ऐतिहासिक दिन बताते हुए कई सामाजिक-व्यापारिक संगठनों ने लिखा सीएम को पत्र

# 22 को अवकाश की मांग तेज

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या में होने जा रहे रामलला की प्राण



प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। काशी और वाराणसी के बाद अब राजस्थान में भी 22 जनवरी को छुट्टी के लिए कई समाज-संगठनों ने आवाज मुखर की है। व्यापारिक व सामाजिक संगठन भी इस संबंध में सीएम भजन लाल शर्मा को पत्र लिख आग्रह कर चुके हैं। महर्षि परशुराम सेना के संस्थापक यतेंद्र शर्मा और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डा.सुरेंद्र शर्मा, माली सैनी समाज के अध्यक्ष रोशन सैनी, महर्षि परशुराम समाज के प्रदेश अध्यक्ष पं. हरि शर्मा, महासचिव एडवोकेट संजय शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक है। इस दिन को सभी लोग त्योहार के रूप में मनाएंगे। इसलिए रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। राजस्थान ब्राह्मण महासभा, जयपुर व्यापार महासंघ सहित कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रदेश सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। समाज के प्रबुद्धजनों का कहना है कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के भव्य आयोजन के एक-एक क्षण को उत्सव की तरह मनाने के लिए राजस्थान भी बहुत उत्साहित है। इसलिए इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखकर आग्रह किया है।

### संतों ने लिखा केन्द्र को पत्र

**काशी** के संतों ने भारत सरकार को पत्र लिखकर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग की है। अभा संत समिति ने लिखा कि 500 वर्षों का हमारा संघर्ष रहा है। इस दिन के लिए तपस्या की है। अब जब यह दिन निकट है, तब इसे उत्साह के साथ मनाने के लिए अवकाश घोषित किया जाए।

## राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा फरवरी में संभव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से बड़ा अपडेट है। इस बार 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षार्थी अलर्ट हो जाएं। यह पूरी संभावना है कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं फरवरी में इस डेट से करा सकता है। अजमेर में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रशासन इस बार 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं जल्दी कराने जा रहा है। फैसला हो गया है पर अंतिम मुहर अभी नहीं लगी है। माना जा रहा है परीक्षा समय से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू हो सकती है। आगामी महीनों में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव और इंजीनियरिंग व मेडिकल सहित कई बड़ी परीक्षाओं के शेड्यूल की वजह से राजस्थान बोर्ड ने इस साल अपनी परीक्षा को कुछ दिन पूर्व कराने की तैयारी कर रखी है। बोर्ड के अधिकारियों में इस बात की सहमति बन चुकी है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में परीक्षाएं शुरू की जाए ताकि आचार संहिता लगने से पूर्व ही परीक्षाएं संपन्न हो सकें।

## ऑल सेंट चर्च स्कूल के विद्यार्थियों ने हॉकी राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता की हॉकी की अंडर -14 अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग में 10 विद्यार्थियों ने चयनोपरांत ग्वालियर में प्रतिभा का जलवा बिखेरा।

अंडर -17 एवं अंडर-14 हाकी प्रतियोगिता 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित की गई। 67 वीं नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में सीबीएसई हॉकी टीम में अंडर- 17 व अंडर 14 आयु वर्ग में जयपुर के ऑल सेन्ट्स चर्च सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के विधार्थीयों का चयन राष्टीय स्तर पर हुआ।अंडर- 17 में व मोहम्मद इब्राहिम कप्तान व नभय रायज़ादा उपकप्तान के रूप में तथा अंडर 14 आयु वर्ग में कृष्णार्जुन शर्मा,रूपेश कुमार व छात्रा हुमेरा खान नेशनल स्कूल गेम्स की हॉकी टीम में भाग लिया। 6 जनवरी से 11 जनवरी तक पंजाब के जालंधर में आयोजित अंडर-19 हॉकी टीम में विद्यालय की होनहार बालिका जीनत खान और नंदिनी माहुर तथा पुरुष टीम में छात्र मोहम्मद दानिश कुरेशी,मोहम्मद अजहर खान तथा मोहम्मद हादी फारुकी का चयन किया गया । यह खिलाड़ी अंडर-19 टीम के अभिन्न अंग बनकर पंजाब के जालंधर में अपना खेल कौशल दिखाएंगे।इस प्रकार पांच विद्यार्थी अंडर 14 -अंडर,अंडर -17 में खेल चुके हैं। और पांच खिलाड़ी अंडर-19 में खेलेंगे।स्कूल के चैयरमैन रेव्हा संदीप हिस्किल ने कहा कि उनका स्कूल छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देता है,इसी का परिणाम है कि विद्यालय के विद्यार्थियों का राष्टीय स्तर पर चयन हुआ है। विधार्थीयों के राष्टीय स्तर पर चयन प्रधानाचार्या शबनम हक ने कहा कि स्कूल के लिए गौरव का विषय है साथ ही अन्य विधार्थीयों के लिए प्रेरणास्रोत है। विधालय की प्रतिभा को निखारने का श्रेय शारीरिक शिक्षक विनोद शर्मा, स्टाफ व अभिभावक को दिया।

ANCHOR | खरमास

# मार्च से जुलाई तक 98 दिन नहीं बजेगी शहनाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।**16 दिसंबर से लगा खरमास 15 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही एक माह से विवाह समारोहों पर लगा विराम हट जाएगा। इस वर्ष 16 जनवरी से 15 मार्च तक विवाह के बम्पर मुहूर्त हैं। इस दौरान 39 दिन तक विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। 15 मार्च से 16 अप्रेल तक 30 दिन तक खरमास के कारण विवाह नही होंगे। अप्रेल में 18 से 22 तक मुहूर्त हैं, लेकिन 23 अप्रैल से 30 जून तक एक बार फिर 68 दिनों के लिए विवाह समारोहों पर ब्रेक लग जाएगा। इस तरह 15 मार्च से जुलाई तक 98 दिन विवाह पर विराम रहेगा। जुलाई में विवाह के 6 मुहूर्त हैं। फिर 18 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चार माह तक विवाह नहीं होंगे।



### 15 मार्च से खरमास भी लग जाएगा

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। चातुर्मास के चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक भी विवाह नहीं होंगे। इसके अलावा 15 मार्च से 16 अप्रेल के बीच मीन राशि की संक्रांति होने के कारण खरमास रहेगा और इस दौरान विवाह नहीं हो सकेंगे।

### गुरु, शुक्र रहेंगे अस्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार विवाह के लग्न मुहूर्त देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना जरूरी होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुहूर्त नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति में होते हैं तो जल्द शादी के योग बनते हैं। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार वर्ष 2024 में 23 अप्रैल से 30 जून के बीच शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह कार्य नहीं होगा।

### जनवरी से जुलाई तक विवाहमुहूर्त

**जनवरी :** 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 29, 30, 31 (10 दिन) **फरवरी :** 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 12, 13, 14,17, 18, 19, 23, 24, 25, 26, 27, 29 (20 दिन ) **मार्च :** 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 11, 12 (9 दिन ) **अप्रैल :** 18, 19, 20, 21, 22 (5 दिन) **जुलाई :** 03, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15 ( 8 दिन)।

# जनसुनवाई: जनता की समस्याओं का गंभीरता से करें समाधान-मुख्यमंत्री






मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ओटीएस स्थित अस्थाई मुख्यमंत्री निवास पर सोमवार को जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन से उनकी परिवेदनाओं के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि जनता की हर समस्या का निराकरण करना सरकार का मूल कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकार के लम्बित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे। ज्यादातर लोग लिखित में प्रार्थना पत्र बनाकर लाए थे जो उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ही हाथों में सौंपे @ जागरूक जनता।

### चार मंत्रियों ने कार्यभार ग्रहण किया : कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का करेंगे रिव्यू

# मंत्रियों ने किया कार्यभार ग्रहण, अधिकारियों को दी हिदायत


**जयपुर**@जागरूक जनता। प्रदेश के चार मंत्रियों झाबर सिंह खर्रा, सुरेश सिंह रावत, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और जोराराम कुमावत ने सचिवालय में कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद सभी ने अपने व्यू बतायें। पदभार ग्रहण करने से पहले यूडीएच मंत्री झाबर सिंह ने अपने गुरु नारायण दासजी महाराज की फोटो को कुर्सी पर रखकर पूजा अर्चना की। गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- कांग्रेस सरकार ने बहुत सी गारंटियां दी थी। वो पूरी नहीं हुई। जल्द अधिकारियों के साथ बैठकर जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उसमें क्या नवाचार कर सकते हैं, उसे शामिल किया जाएगा।

## यदि व्यवस्था है तो 20 गायें पालें, कोई मनाई नहीं है



कार्यभार ग्रहण करने के बाद गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा- आपके पास यदि व्यवस्था है तो 20 गाय पालें। कौन मना करता है। सरकार की तरफ से कोई पाबंदी नहीं है। उन्होंने कहा कि गाय से दूध, घी, मक्खन मिलता है। उन्होंने कहा- गौमूत्र को भी अमृत के समान पवित्र मानते हैं। इससे कई सारी बीमारियां खत्म होती हैं। गाय की चमड़ी, हड्डियां तक काम आती है। इसलिए गाय को माता का दर्जा दिया हुआ है। उन्होंने कहा- सनातन संस्कृति में ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना रहती है। ये एक मात्र ऐसी संस्कृति है, जहां पेड़, पौधे, पत्थर, जल, पशु-पक्षी की भी पूजा की जाती है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए गो संवर्धन पर भी काम किया जाएगा। गौशालाओं को मजबूत किया जाएगा। सरकार की योजनाओं के साथ जन सहयोग लेते हुए आगे बढ़ेंगे।

## बदनाम हो चुके विभाग पर जगाएंगे जनता का विश्वास



स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद सचिवालय में अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। इसके साथ ही पिछले साल दिसंबर तक जो भी योजनाएं चल रही हैं, उनको लेकर कल ही रिव्यू होगा, ताकि सही योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कर जनता तक राहत पहुंचाई जा सके। झाबर सिंह ने कहा- राजस्थान में पिछले 6 महीने से सड़कें खुदी पड़ी हैं। जबकि नियमों के तहत खुदी हुई सड़कें 15 दिन में सही हो जानी चाहिए। ऐसे में जो भी दोषी अधिकारी हैं, उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मैं स्वायत्त शासन विभाग को पारदर्शी बनाना चाहूंगा। ताकि बदनाम हो चुके इस विभाग पर जनता का विश्वास जाग सके।

## हर घर तक जल पहुंचना प्राथमिकता में शामिल



सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा- राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हर घर तक जल पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। वैसे भी जिस ईआरसीपी योजना का नाम लेकर कांग्रेस अब तक जनता को बेवकूफ बना रही थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद उसे योजना को धरातल पर लाने का काम शुरू कर दिया गया है। सुरेश सिंह रावत ने कहा कि जनता ने हमें प्रचंड बहुमत से राजस्थान की सत्ता सौंपी है। अभी हमारी सरकार बने ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। हर चुनाव की स्थिति भी अलग होती है। श्रीकरणपुर में भी स्थिति अलग थी। इसलिए हम जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं। वहीं, चुनाव से पहले सुरेंद्र पाल टीटी को मंत्री बनने के सवाल पर रावत ने कहा कि पार्टी जो भी करती है ठीक ही करती है।

## निर्बाध और किफायती बिजली आपूर्ति प्राथमिकता



ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने सोमवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। उर्जा विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री भास्कर ए सावंत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान नागर ने कहा कि ऊर्जा विभाग हर वर्ग से जुड़ा हुआ विभाग है। बेहतर प्रबंधन से डिस्कॉम्स को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर उपभोक्ताओं को किफायती एवं पर्याप्त विद्त आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा प्रदेश में बिजली घरों के लिए कोयले की पर्याप्त आपूर्ति उनकी प्राथमिकता रहेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों को दिन के समय विद्त आपूर्ति उपलब्ध कराने की सभी संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाए मौजूद हैं।

## पूरी बिजली मिले किसानों को : सीएम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन को सस्ती दर पर सुचारू बिजली देने के साथ ही रबी फसल के लिए किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें।

सीएम शर्मा ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि वे राज्य की ऊर्जा की आवश्यकता को देखते हुए भविष्य का ऐसा रोडमैप तैयार करें, जो आंकड़ों की हेरफेर के बजाय वास्तविक एवं ठोस परिणाम देने पर केन्द्रित होना चाहिए। उन्होंने अपनी सभी विद्युत उत्पादक इकाईयों के प्रभावी संचालन एवं विद्युत वितरण का कार्य सुचारू रूप से करने के निर्देश के साथ ही चेतावनी दी कि इकाईयों के रख-रखाव एवं संचालन में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## टिबरेवाल का निधन

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और पूर्व कार्यवाहक राज्यपाल एन. एल. टिबरेवाल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## करणपुर : जीत पर कांग्रेस कार्यालय में मनाई खुशी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** करणपुर विधानसभा चुनाव में भजनलाल सरकार के मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी को शिकस्त देने पर कांग्रेस ने प्रदेश कार्यालय पर पटाखे छोड़कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश जोशी ने भी पटाखे चलाए और कार्यकर्ताटों को लड्डू खिलाए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भले ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई हो लेकिन आमजन आज भी कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित है। यह करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार की जीत से स्पष्ट हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी ट्वीट कर कुन्नर को बधाई देते हुए भाजपा पर हमला बोला। गहलोत ने लिखा कि यह जीत स्वर्गीय गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा कार्यों को समर्पित है।

## उप मुख्यमंत्री ने ली विभागों की समीक्षा बैठक

# योजनाओं को कागजों की बजाये धरातल पर उतारें-दीया कुमारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिये है कि किसी भी कार्य कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझोता नहीं होना चाहिए और कार्य कि गुणवत्ता खराब करने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए। दिया कुमारी ने सचिवालय में आयोजित वित्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पर्यटन, कला एवं सस्कृति विभाग कि योजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए।

### ये दिये महत्वपूर्ण निर्देश

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्थान की वित्तीय स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व और विभिन्न योजनाओं पर होने वाले खर्च की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को राज्य की आर्थिक स्थिति में



सुधार के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राजस्थान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ साथ योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से जनता तक पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि सडकों की गुणवत्ता खराब होने कि शिकायत नहीं आनी चाहिए। पाचं वर्ष कि गारंटी अवधि में सडक खराब हो तो जिस ठेकेदार ने सडक का निर्माण किया है, उससे उसकी रिपेयर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होनें इस बात पर नाराजगी भी जाहिर कि की ठेकेदारों से गारंटी अवधि में सडक सही नही करवाई जाती। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी अनियमितता करने वाले ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारी दोनो पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि सडकों कि बार - बार खुदाई न हों और यदि किसी कारण से हों तो उसको तत्काल ठीक करवाया जायें इसके लिए सभी विभागों में समन्वय स्थापित किया जाये।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुणवत्तापूर्ण पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नौनिहालों को ताजा और पौष्टिक आहार पूर्ण पारदर्शिता से मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वन किया जाये ताकि धरातल पर महिला, बालिकाओं तथा लाभान्वितों तक उनका लाभ पहुंच सके।

पर्यटन विभाग कि समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन में राजस्थान कि अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की क्षमता है और हमे इसी दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि हम पर्यटन सीजन के अलावा ऑफ सीजन के लिये भी योजना बनाये ताकि हम उस समय में खासकर ग्रीष्म ॠतु में ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को बुला सके। पर्यटकों की साहुलियत के लिये एक पर्यटक हेल्पलाइन या शिकायत निवारण ऑनलाईन सिस्टम को प्रभावी करने के निर्देश भी उन्होंने दिये। इस दौरान राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी ने किया वर्चुअली संवाद : मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, भाजपा पदाधिकारियों सहित आमजन रहा मौजूद

# मोदी सरकार की योजनाओं से देश मजबूत : जोशी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के उदबोधन तथा लाभार्थी संवाद में शामिल हुए। पीएम मोदी ने इस दौरान छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, मिजोरम, पंजाब, उत्तरप्रदेश आदि राज्यों के उपस्थित लाभार्थियों से संवाद किया।

वीसी के जरिए मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि राजस्थान के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में 6 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के 7402 कैम्पों का आयोजन किया जा चुका है। कैम्प में 47 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच, 3.52 लाख किसान क्रेडिट कार्ड व लगभग 24.33 लाख आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जा चुके हैं। 1.6 करोड़ से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा चुका है।

वहीं, एक अन्य संवाद कार्यक्रम के वर्चुअल प्रसारण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बगरू विधान सभा क्षेत्र स्थित नगर निगम जयपुर ग्रेटर जगतपुरा जोन ऑफिस में उपस्थित रहे। इस मौके पर जोशी ने शिविर का अवलोकन कर लाभार्थियों से संवाद किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश महामंत्री जगबीर सिंह छाबा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बागड़ी, प्रदेश मंत्री रणजीत सिंह सोडाला, बगरू विधायक कैलाश वर्मा, मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



### लोगों में जोश और ऊर्जा का संचार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं से देश लगातार मजबूत हो रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वर्चुअली जुड़े तो लोगों में जोश और ऊर्जा का संचार हुआ। केन्द्र की मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी मिले इसके लिए मोदी गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंच रही है और जनता इस गाड़ी का उत्साह के साथ स्वागत कर रही है।



## सम्पादकीय

# कांग्रेस की एक और यात्रा

इस चुनावी साल में देश का माहौल अपने अनुकूल बनाने की कोशिश के तौर पर जहां सत्तारूढ़ बीजेपी अयोध्या में राममंदिर से जुड़ी गतिविधियों पर अधिक से अधिक जोर दे रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का एलान कर दिया है।पिछले साल की भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी से प्रेरित कांग्रेस इस यात्रा को थोड़ा अलग रखते हुए भी चाहती है कि लोग इसे उसी यात्रा की अगली कड़ी के रूप में देखें। इसलिए भले ही लोकसभा चुनावों के मद्देनजर वक्त की कमी का हवाला देते हुए इसे हाइब्रिड मोड में रखा गया है, यानी यात्रा का बड़ा हिस्सा बस में तय होगा और बीच-बीच में पैदल मार्च भी किया जाएगा, लेकिन भारत न्याय यात्रा नाम घोषित कर देने के बाद उसे बदलकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया गया तो इसके पीछे मकसद यही है कि भारत जोड़ो का संदर्भ कमजोर न पड़ जाए।यात्रा की शुरुआत हिंसा पीड़ित मणिपुर से करना अपने आप में एक बड़ा संदेश है जो कांग्रेस अधिक से अधिक प्रचारित करना चाहेगी। इसके साथ ही यात्रा के केंद्र में न्याय को रखना बताता है कि कांग्रेस इसके जरिए न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों पर जोर देना चाहती है बल्कि यह दिखाना चाहती है कि सत्तारूढ़ पक्ष एक धर्म, एक पंथ, एक संस्कृति और एक नेता पर जोर देते हुए भारत की उस मूल दृष्टि को नुकसान पहुंचा रहा है, जो सबके साथ न्याय और सबके साथ उदारता की बदौलत भारत की बहुलता की रक्षा करती रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान तालमेल में कमी के चलते कई जगह क्षेत्रीय विपक्षी पार्टियों के नेता उससे दूरी बरतते देखे गए थे। इस बार कांग्रेस ने पहले से ही साफ कर दिया है कि INDIA गठबंधन के सभी घटक दलों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत के समय ही सभी विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं। जहां तक इस यात्रा के प्रभावों का सवाल है तो निश्चित रूप से मौजूदा माहौल में इसकी सबसे बड़ी कसौटी आगामी लोकसभा चुनाव को ही माना जाएगा। पिछली भारत जोड़ो यात्रा के अनुभव से देखें तो उसने राहुल गांधी के पक्ष में थोडा माहौल बनाया, उन्हें एक गंभीर नेता की छवि भी दी, लेकिन चुनावी कसौटियों पर उसका असर मिला-जुला ही रहा। चुनाव में वैसे भी बहुत से कारक होते हैं। यह दूसरी यात्रा अगर कांग्रेस और विपक्षी दलों के पक्ष में माहौल बनाती है तो निश्चित रूप से उनके लिए यह एक अच्छी बात होगी, लेकिन चुनावों में इसका वे कितना फायदा उठा पाते हैं, यह उनकी तैयारी के दूसरे पक्षों पर निर्भर करेगा।

**कांग्रेस लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए माहौल बनाने की कोशिश में जुटी है। बीजेपी जहां अयोध्या राममंदिर पर जोर दे रही है, तो कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी करने की तैयारी में है।**

**चांद पर उतरने के बाद भारत ने एक और इतिहास रच दिया है। सूर्य मिशन पर निकले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आदित्य एल-1 ने अपनी मंजिल लैग्रेंज प्वाइंट-1 (एल1) पर पहुंच कर एक कीर्तिमान हासिल किया है। इसी के साथ आदित्य-एल 1 अंतिम कक्षा में भी स्थापित हो गया।**

# चन्द्रमा पर चहलकदमी से सौर नृत्य तक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net




इसरो के आदित्य एल1 मिशन की कामयाबी के तुरंत बाद केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की पहली प्रतिक्रिया थी- 'मूनवॉक टू सन डांस!' सौर कक्षा (हेलो ऑर्बिट) में आदित्य-एल1 के सफल प्रवेश का जश्न मनाने का यह उनका अपना अंदाज था। उनका यह बयान दरअसल एक के बाद एक, त्वरित सफलता की तीन कहानियों के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सफलता की तिकड़ी- चंद्रयान 3, एक्सपीओसैट और लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य एल1 को रेखांकित करता है। इसरो के इस अभियान को पूरी दुनिया में उत्सुकता से देखा जा रहा है, क्योंकि इसके सात पेलोड सौर घटनाओं का व्यापक अध्ययन करेंगे और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय को डाटा मुहैया कराएंगे, जिससे सभी सूर्य के विकिरण, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का अध्ययन कर पाएंगे। अंतरिक्ष यान में एक कोरोनोग्राफ है, जो वैज्ञानिकों को सूर्य की सतह के बहुत करीब देखने और नासा व यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सौर और हेलिओस्फेरिक वेधशाला (एसओएचओ) मिशन को डाटा मुहैया कराएगा।

आदित्य एल1 के लैग्रेंज बिंदु पर अपने निर्धारित गंतव्य पर पहुंचने को टीम इसरो द्वारा लिखी गई एक और सफलता की कहानी माना जा सकता है। इस कामयाबी के साथ ही सूर्य-पृथ्वी संबंध के रहस्यों की खोज कार्नर के लिए आदित्य एल1 अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है। इसरो की यह कामयाबी सूर्य के ऐसे रहस्यों की खोज के लिए एक पथप्रदर्शक प्रयास साबित होने जा रही है, जो अब तक या तो समझ में नहीं आए थे या परियों की कहानियों और लोककथाओं का हिस्सा बन गए थे।

अंतरिक्ष में बड़ी संख्या में उपग्रहों के कारण सूर्य की घटनाओं के अध्ययन में भारत की भी विशेष हिस्सेदारी है। सौर घटना की समझ कितनी महत्वपूर्ण है, इसे समझना हो तो सौर तूफान की चपेट में आने के बाद निजी अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी स्पेसएक्स के एक बार में 40 उपग्रहों को खोने के उदाहरण को याद कर लीजिए। इसी संदर्भ में भारत के आदित्य एल1 मिशन के महत्व को समझें और तब हमें इस सवाल का जवाब मिलेगा कि अंतरिक्ष अन्वेषण क्षेत्र के सभी वैज्ञानिक आदित्य एल1 मिशन के संदेशों (इनपुट्स) की बेसब्री से क्यों प्रतीक्षा कर रहे हैं। जाहिर है कि यह मिशन हमें अन्य सौर घटनाओं के बीच सौर ताप, सौर झंझावातों (सन स्टोर्म्स), सौर ज्वाला और कोरोनल मास इजेक्शन को समझने में मदद करेगा।

एक और अहम बात। आदित्य एल 1 मिशन न केवल स्वदेशी है, बल्कि चंद्रयान की तरह ही एक बहुत ही लागत प्रभावी मिशन है, जिसका बजट केवल 600 करोड़ रुपए था। आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान की कक्षा पृथ्वी से लगभग 15 लाख (1.5 मिलियन) किलोमीटर की दूरी पर निरंतर गतिशील सूर्य-पृथ्वी रेखा पर स्थित है, जिसकी कक्षीय अवधि लगभग 177.86 पृथ्वी दिवस है। विशिष्ट प्रभामंडल कक्षा (हेलो ऑर्बिट) का चयन मिशन के 5 वर्षों के जीवनकाल को सुनिश्चित करने, स्टेशन की चाल को कम करने और इस प्रकार ईंधन की खपत को कम करने एवं सूर्य के निरंतर, अबाधित दृश्य को सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। अंतरिक्ष यान की हेलो कक्षा प्रविष्टि ने एक महत्वपूर्ण मिशन चरण प्रस्तुत किया, जिसमें सटीक नेविगेशन और नियंत्रण की आवश्यकता थी। इसकी सफलता न केवल ऐसे जटिल कक्षीय रणनीतिक परीक्षणों में इसरो की क्षमताओं को दर्शाती है, बल्कि यह भविष्य के अंतरग्रहीय मिशनों को संभालने का आत्मविश्वास भी देती है।

आदित्य एल1 को विभिन्न इसरो केंद्रों की भागीदारी के साथ यूआर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) में डिजाइन किया गया और यहीं इसे अंतिम रूप दिया गया था। आदित्य एल1 पर विद्यमान पेलोड भारतीय वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, अंतर -विश्वविद्यालय केंद्र- खगोलविज्ञान और खगोलभौतिकी (इन्टर- युनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स -आईयूसीएए) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो -आईएसआरओ) द्वारा विकसित किए गए थे। आदित्य एल1 अंतरिक्ष यान को 2 सितंबर, 2023 को पीएसएलवी-पी57 द्वारा लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान को हेलो कक्षा तक पहुंचने के लिए लगभग 110 दिनों तक चलने वाले यात्रा चरण से गुजरना पड़ा है ।

विज्ञान में दिलचस्पी रखने वाले लोग जानते हैं कि सूर्य बेहद गतिशील तारा है। इसकी गतिशीलता हमारे देखने की क्षमताओं से कहीं आगे तक फैली हैं। सूर्य के भीतर भी हर समय विस्फोट होते रहते हैं, जिनसे सौर मंडल में भारी मात्रा में ऊर्जा का उत्सर्जन होता है। अगर ऐसे किसी विस्फोट से निकली ऊर्जा बड़ी मात्रा में पृथ्वी की ओर आए, तो इससे पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष में कई तरह की गड़बड़ियां व उथल पुथल पैदा हो सकती है। इसरो ने आदित्य मिशन के साथ साथ सूर्य को लेकर यह जानकारियां दीं। पृथ्वी से सूर्य के अध्ययन में कई तरह की रुकावट आती हैं। पृथ्वी का वायुमंडल और विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र सूर्य से आने वाले विकिरण व सौर तूफानों से हमें बचाते हैं। इसी वजह से हम इन विकिरणों और सौर तूफानों की वास्तविक प्रकृति और प्रवृत्ति को पृथ्वी पर रहते हुए समझ नहीं सकते। आदित्य-एल1 पृथ्वी के इस सुरक्षा कवच से काफी बाहर रहकर सूर्य की निगरानी करेगा।

सूर्य की ओर जाने में मंगल ग्रह की ओर जाने के मुकाबले 55 गुना ज्यादा ऊर्जा की खपत होती है। सूर्य की परिक्रमा करने के लिए अभियान भेजना ज्यादा खर्चीला व जटिल होता। इसरो ने कुशलता से आदित्य को एल1 के पास हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया। इसी वजह से नासा के सूर्य मिशन पार्कर प्रोब की तरह इसरो का आदित्य सीधे सूर्य की परिक्रमा नहीं करेगा, बल्कि हेलो ऑर्बिट में रहते हुए, पृथ्वी के साथ-साथ सूर्य की परिक्रमा करेगा।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

**देश की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल 1 अपने गंतव्य तक पहुंच गई है और इस सबसे मिशन को साकार करने के पीछे हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और उनका समर्पण छुपा है। मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में यह एक असाधारण उपलब्धि है।**

# दिवाली के जैसे जगमग होंगे बाजार, जयपुर में भी होंगे रामलला के दर्शन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देशभर में उत्साह है। श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 21 व 22 जनवरी को जयपुर के बाजार दिवाली के जैसे रोशनी से जगमग होंगे। बाजारों में श्रीरामजी के दर्शन होते नजर आएंगे। इसे लेकर जयपुर व्यापार महासंघ ने आज बैठक बुलाई है, इसमें 22 जनवरी को बाजारों में सजावट करने के साथ इस दिन भव्य उत्सव मनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जयपुर के परकोटे से सभी बड़े बाजारों में दिवाली के जैसे रोशनी को लेकर व्यापारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। दो दिन जयपुर के बाजार दीपावली के जैसे रोशनी से जगमग होंगे। इस बीच बाजारों में जगह–जगह श्रीरामजी के झांकी के भी दर्शन होंगे। बाजारों में श्रीरामजी की झांकी के गेट बनाए जाएंगे। व्यापारियों की मानें तो बाजारों में 21 व 22 जनवरी को रोशनी की जाएगी।

### शहर में सजावट

**जयपुर** व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष गोयल का कहना है कि श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी में उत्साह है। सभी व्यापारियों का मानस है कि इसदिन बाजारों में भव्य रोशनी की जाए। बाजारों को दिवाली से भी अधिक सजाया जाए। इसे लेकर आज सभी व्यापारियों से चर्चा कर रहे है।



### रामनिवास बाग में जलेंगे 111000 दीपक

**रामनिवास** बाग में 22 जनवरी को अयोध्या नगरी साकार होती नजर आएगी। यहां अयोध्या के जैसा श्रीराम मंदिर साकार होगा। रामनिवास बाग को अयोध्या की तर्ज पर सजाया जाएगा, यहां बनने वाले श्रीराम मंदिर के चार द्वार होंगे। वहीं इस दिन यहां एक लाख 11 हजार दीपक जलाए जाएंगे। इसे लेकर पूरी तैयारी कर ली है। वहीं शोभायात्रा में निकाली जाएगी, जिस पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी। यहां 15 फीट ऊंचे रामलला के दर्शन भी होंगे। इसमें शहर भर से लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे। शाम 4 बजे बाद भव्य आतिशबाजी होगी, वहीं शाम होते ही यह अयोध्या नगरी एक लाख 11 हजार दीपकों से जगमग हो उठेगी। इसके बाद भजन संध्या होगी। इसे लेकर भी बैठक में चर्चा होगी।

### गायत्री परिवार मनाएगा दीपोत्सव

**अयोध्या** के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से विविध आयोजन किए जाएंगे। शक्तिपीठ-चेतना केन्द्रों पर दीप महोत्सव होगा। गायत्री परिवार के कार्यकर्ता 22 जनवरी को सुबह दस बजे से प्रेरणाप्रद गीत, भजन-संगीत के साथ आयोजन से जुड़ेंगे। शाम 6:15 बजे घरों, गायत्री शक्तिपीठों, गायत्री प्रज्ञापीठों, गायत्री जन-जागरण केंद्रों में दीपक प्रज्जवलित कर दीप महोत्सव मनाया जाएगा।

### घर-घर जाकर बांटे पीले चावल

**निवारू** रोड झोटवाड़ा की बालाजी विहार एन कॉलोनी में अयोध्या धाम से आए पूजित पीले चावल वितरित कर धर्म प्रेमियों को श्रीराम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने भी भाग लिया। कॉलोनी के बच्चे भगवान राम, सीता, लक्ष्मण एवं बालाजी का स्वरूप धारण किए हुए थे।

# लुप्त हो रहे पेड़-पौधों का किया जा रहा है संरक्षण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** झालाना में स्थित भारत का एकमात्र विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में बनाई गई नर्सरी में राजस्थान के विभिन्न प्रजाती के लुप्त हो रहे पेड़ पौधों का संरक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। वृक्ष उधान में एक विशेष रेड हाऊस बनाया गया है, जिसमें पेड़-पौधों का संरक्षण किया जाता हैं। इसके अलावा इस विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में 40 से भी ज्यादा तरह-तरह के पक्षी पाएं जाते हैं। गार्डन में एक विशेष प्रकार का बोगनविला गार्डन बनाया गया जहां विभिन्न प्रकार के फूल वाले पौधों को उगाया जाता है

### संरक्षण के लिए बनाया विशेष हाउस

विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान में बनाए गए रेड हाऊस में 15 से भी ज्यादा पेड़-पौधों का संरक्षण किया जा रहा हैं। इनके संरक्षण के लिए एक विशेष प्रकार का हाऊस बनाया गया जिसमें यह पौधे लगाए गए है। कुछ पौधों में ऐसी गुणकारी औषधी है जो मानव शरीर की बीमारियों को ठीक कर सकते हैं।

### विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान को 1986 में राष्ट्र को किया गया था समर्पित

180 हेक्टेयर में फैले विश्व वानिकी उद्यान को पूर्व मुख्यमंत्री हरीदेव जोशी द्वारा 5 जून 1986 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इस उद्यान में विश्व भर से 45से अधिक देशों के पौधे लगाया गए थे। लेकिन कुछ पौधे वातावरण सहन नहीं कर पाने के कारण वन से समाप्त हो गए। यह उद्यान जयपुर के प्रदूषण को कम करने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। यहां पर ऐसे भी पेड़ और पौधे मौजूद है जो प्रदुषण काफी हद तक कम करते हैं।

### कम दर पर पेड़ों का किया जाता है वितरण

फॉरेस्ट गार्ड राष्ट्रीय प्रभारी जितेंद्र सिंह नेगी बताते है कि यहां पर विभिन्न प्रकार के पौधों के संरक्षण के साथ लोगों को कम दर पर पौधों का वितरण भी किया जाता हैं। बरसात के दिनों से ही पौधों का वितरण शुरू कर दिया जाता हैं। प्रत्येक पौधें को 5 अथवा 8 रूपए में लोगों को वितरीत किया जाता हैं। पिछले साल हमने 60 हजार से ज्यादा पौधें लोगों को वितरीत किया था।

### इन 16 पौधों का हो रहा है संरक्षण

| | |
|---|---|
| 1.गुग्गुल | 2.चित्रक |
| 3.अर्जुन | 4.तनस |
| 5.पीला ढाक | 6. गुड़मार |
| 7.सर्प गंधा | 8.इन्द्रोक |
| 9.पाडल | 10. मालकाँगनी |
| 11.नौ पत्ती | 12.सिंदूरी |
| 13.श्योनाक | 14.कैंथ |
| 15.रोहिड़ा | 16.खिरनी |

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



**व्यावहारिक सत्य दर्शन यानि सच्चे सुख की प्राप्ति के उपाय**

सत्य दर्शन का आध्यात्मिक अर्थ है परम सत्य यानि ईश्वर की प्राप्ति। सत्य दर्शन का व्यवहारिक अर्थ है जीवन में सत्य धर्म का पालन जिससे सहज सुख की प्राप्ति हो। सनातन एवं सच्चे सुख की खोज और उसकी प्राप्ति केलिए ही हमें मानव देह मिली है। सुख हमारा स्वभाव है हमारा जन्म सिद्द अधिकार है। सुख हमारे भीतर ही लबालब भरा पड़ा है। जरूरत है सुख के भण्डार को खोलने की। हम जिस सांसारिक सुखों की कामना करते हैं वे क्षणिक हैं। सच्चा सुख केवल अपने स्वरूप के ज्ञान से ही मिल सकता है। सुख संबंधी हमारी जो भ्रातियां हैं, उन्हें दूर करने सेही सच्चा सुख मिल सकता है। हमारा अज्ञान ही सच्चे सुख की प्राप्ति में बाधक है। सच्चे सुख की प्राप्ति के ज्ञानी पुरुषों ने जो उपाय बताए हैं, उनके कुछ संकलित अंश यहां दे रहे हैं। हम जिसे ज्ञान कहते हैं, वह हमारी भ्रांति है। पुस्तकों में ज्ञान नहीं होता। पुस्तक हमें मार्ग दर्शन देती हैं। शास्त्र स्थूल हैं। उनका शाब्दिक ज्ञान आत्मा की प्राप्ति के लिए काम नहीं आता, उसके लिए यथार्थ आत्म ज्ञान चाहिए जो अनुभवी ज्ञानी (रुरु) के पास मिलेगा। जो स्वयं ज्ञानी हैं वे ही हमें ज्ञान के लिए मनमानी साधना अपनी स्वच्छंदता काम नहीं आती। **क्रमशः**

**कुर्सी संभालने के दूसरे ही दिन अलसुबह फील्ड में उतरी आयुक्त रियार**

# सफाईकर्मी पहनेंगे रिफ्लेक्टर जैकेट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम के सभी सफाईकर्मी अब रिफ्लेक्टर जैकेट पहनेंगे। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था से जुड़े अफसर भी रिफ्लेक्टर जैकेट पहनकर ही दौरा करेंगे। कुर्सी संभालने के दूसरे ही दिन ग्रेटर नगर निगम की पहली महिला आयुक्त रुक्मणि रियार आज अलसुबह फील्ड में उतरी। उन्होंने सांगानेर जोन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। करीब दो घंटे तक सांगानेर कस्बे सहित आसपास का दौरा कर लोगों से संवाद किया। वहीं सफाई कर्मचारियों को रिफ्लेक्टर जैकेट पहनने के निर्देश दिए। आयुक्त रुक्मणि रियार ने सांगानेर फ्लाईओवर से सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण शुरू किया। इसके बाद वे नामदेव कॉलोनी पहुंची और स्थानीय निवासियों से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया। आयुक्त करीब दो घंटे तक जोन कार्यालय के आसपास, सांगानेर कस्बा, मालपुरा रोड, 80 फीट रोड घूमी और सफाई व्यवस्था का जाजया लिया। इस दौरान हाजिरीगाह पहुंच, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति चैक की। हूपर चालकों से हर घर कचरा लेने के निर्देश दिए। इस बीच आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों को रिफ्लेक्टर जैकेट पहनने और सफाई व्यवस्था से जुड़े अफसरों को भी रिफ्लेक्टर जैकेट पहनने के निर्देश दिए।



### कचरा फ्री हो शहर

आयुक्त रुक्मणि रियार ने दौरे के जगह–जगह कचरा डिपो मिलने और खुल मैनहॉल मिलने पर अफसरों को शहर को कचरा डिपो फ्री करने निर्देश दिए। साथ ही जहां से कचरा उठ जाता है, वहां सफाई करने के भी निर्देश दिए। वहीं सड़क किनारे जगह–जगह पड़े कचरे को उठाने, डिवाइडर को सुंदर बनाने के भी अफसरों को निर्देश दिए। दौरे के दौरान स्वास्थ्य उपायुक्त नवीन भारद्वाज, सांगानेर जोन उपायुक्त संदीप दाधिच, उपायुक्त पशु प्रबंधन हरेन्द्र सिंह चिराणा सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

### सिंगलयूज प्लास्टिक पर रोक

आयुक्त रुक्मणि रियार को दौरे के दौरान ही लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते नजर आए, इस पर आयुक्त ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती से पाबंदी लगाने के निर्देश दिए।

### ट्रांसफार्मर्स के लगेंगे जाल

आयुक्त रुक्मणि रियार ने खुले पड़े ट्रांसफार्मर के जालियां लगवाने के लिए जयपुर डिस्कॉम को पत्र लिखने के निर्देश दिए। वहीं जलदाय विभाग के खुले पड़े मैनहॉल को भी ठीक करने के लिए जलदाय विभाग को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथिक, केकड़ी के द्वारा पंचायत समिति के कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन आज किया गया। शिविर के आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. पुनीत आर शाह ने बताया कि इस शिविर में पंचायत समिति के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए होम्योपैथिक चिकित्सकों ने समर्पण भाव से काम किया। शिविर में शामिल चिकित्सकों की टीम में डॉ. अंशुल चाहर (शिविर चिकित्सा प्रभारी), डॉ. रश्मि अग्रवाल (विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग), डॉ. भारत शर्मा (विभागाध्यक्ष, पैथोलॉजी विभाग) डॉ. कंचन अटोलिया (सहायक आचार्य, प्रैक्टिस ऑफ़ मेडिसिन विभाग) डॉ. गौरव गुप्ता (सहायक आचार्य, फॉरेंसिक एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग) डॉ. डेज़ी भारद्वाज (सहायक आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग) एवं विशन सिंह (कम्पाउंडर), प्रदीप साहू (लैब टेक्नीशियन) शामिल थे। शिविर में कुल 107 पंचायत समिति के कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इसके अलावा उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों की टीम ने हेल्थ टिप्स एवं जीवन शैली से संबंधित विकारों से बचने के उपाय के बारे में भी अवगत कराया गया। शिविर के अंत में पंचायत समिति प्रधान हिम्मत सिंह राठौड़ एवं ब्लॉक विकास अधिकारी सतीश बैरवा ने सभी चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके समर्पण एवं सेवा भाव के लिए धन्यवाद दिया।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



रावी डॉटर प्रियंका-अखिलेश, जयपुर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग





ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 10/01/2024**

**सूर्योदय :** 07:21 **सूर्यास्त :** 17:46 **चन्द्रोदय :** 06:12 **चन्द्रास्त :** 16:30 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** मार्गशीर्ष **पूर्णिमांत :** पौष **सूर्य राशि :** धनु **चन्द्र राशि :** धनु **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** चतुर्दशी, 20:06 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास पौष :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2080 नल **मार्गशीर्ष :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** मूल, 19:29 तक
**योग :** ध्रुव 21:09 तक
**प्रथम करण :** विष्टि, 09:21 तक
**द्वितिय करण :** सकुना, 20:06 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:27 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:54 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:13 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:39 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:42 पी एम से |
| अमृत काल | 01:40 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:01 ए एम, जनवरी 11 से 12:56 ए एम, जनवरी 11 |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास : पूर्व
कुंभी चक्र: दक्षिण

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:20 - 08:38 | उद्वेग : 17:46 - 19:27 |
| अमृत | : 08:38 - 09:57 | शुभ : 19:27 - 21:09 |
| काल काल वेला | : 09:57 - 11:15 | अमृत : 21:09 - 22:51 |
| शुभ | : 11:15 - 12:33 | चर : 22:51 - 00:33 |
| रोग वार वेला | : 12:33 - 13:51 | रोग : 00:33 - 02:15 |
| उद्वेग | : 13:51 - 15:09 | काल : 02:15 - 03:57 |
| चर | : 15:09 - 16:27 | लाभ : 03:57 - 05:38 |
| लाभ | : 16:27 - 17:46 | उद्वेग : 05:38 - 07:20 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज चतुर्दशी

**आज कौन सा कार्य करें**

चतुर्दशी भी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन भी कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है ।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

पौष, कृष्ण, चतुर्दशी, 2080 बुधवार, 10 जनवरी - 16 जनवरी, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो, ना, नी, नू, या, यी, यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

**मुख्यमंत्री ने ली ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक**

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता प्रगति एवं समृद्धि का सूत्र-मुख्यमंत्री

### रबी सीजन को देखते हुए किसानों को मिले बिजली की निर्बाध आपूर्ति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत देने के लिए ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भरता अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार हेतु जनहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमारी बिजली कम्पनियों पर लगभग 90 हजार करोड़ का ऋण है। बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा इस ऋण को चुकाने में जा रहा है। जबकि राज्य को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अकूत प्राकृतिक सम्पदा प्राप्त है। इस क्षेत्र में उचित नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन से ऊर्जा विभाग राज्य के विकास एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु वृहद स्तर पर संसाधन एवं रोजगार सृजित कर सकता है। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री कार्यालय में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए भविष्य का रोडमैप तैयार करें। विभाग का ध्यान आंकड़ों की हेर-फेर की बजाय वास्तविक एवं ठोस परिणाम देने पर केन्द्रित हो। साथ ही, वे जनता की समस्याओं को समझते हुए संवेदनशीलता से कार्य करे।

**सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में असीम संभावनाए**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राजस्थान के पास देश का सबसे बड़ा लैण्ड-बैंक है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आ रहे निवेशकों को उपयुक्त माहौल एवं प्रोत्साहन मिलना चाहिए। साथ ही, इस क्षेत्र में होने वाले एमओयू में प्रदेश एवं प्रदेशवासियों के हितों को केन्द्र में रखा जाना चाहिए। संयत्रों में प्रयुक्त होने वाली मशीनरी का निर्माण राज्य में हो, इस हेतु भी नीति निर्माण होना चाहिए। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम कुसुम योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे इस दिशा में कार्य होना चाहिए। राज्य में सरकारी भवनों, आवासीय बिल्डिंगों आदि की छतों पर भी सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने हेतु आवश्यक प्रयास किए जाए ताकि प्रदेश ऊर्जा आपूर्ति में आत्मनिर्भर हो सके एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

**कोयले की आपूर्ति होगी सुचारू**

**शर्मा** ने कहा कि पिछले वर्षों में विभिन्न कारणों से छत्तीसगढ़ स्थित राजस्थान को आंवटित कोयला खदानों से आपूर्ति बाधित रही थी। अब बेहतर समन्वय के द्वारा राज्य को वहां से कोयला आपूर्ति में कोई समस्या नहीं होगी। ऊर्जा विभाग को अपनी सभी विद्युत उत्पादक इकाईयों के प्रभावी संचालन एवं विद्युत वितरण का कार्य सुचारू रूप से करना होगा। बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा भास्कर ए सावंत, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लि. के सीएमडी आशुतोष ए.टी. पेडनेकर, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी आर.के. शर्मा, राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के एमडी एम.एम. रीणवा, राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के एमडी अनिल ढाका, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. के एमडी आर.एन. कुमावत, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. के एमडी प्रमोद टांक, अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. के एमडी एन.एस. निर्वाण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम 16 को**

# नए विधायकों को सिखाई जाएगी विस की एबीसीडी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के लिए विधानसभा में 16 जनवरी को एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि इस एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के माध्यम से सोलहवीं विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित विधायकों को राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञ जानकारी देंगे, जिससे विधायकों को उनके संसदीय दायित्वों के निर्वहन में सुविधा हो सके। इस एक दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में 6 सत्र रखे गए हैं। संसदीय समितियों एवं उनके कार्यकरण पर पूर्व विधान सभा अध्यक्ष सी.पी. जोशी प्रक्रिया एंव कार्य संचालन नियम और सदन में आचरण तथा संसदीय परम्पगराएं विषय पर विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड प्रशिक्षण देंगे। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल प्रश्न काल एवं शून्यकाल के बारे में बतायेंगे। राज्यसभा सदस्य धनश्याम तिवाडी संसदीय विशेषाधिकार एवं विधेयक पारण प्रक्रिया की जानकारी देगे। संसदीय प्रस्ताव (स्थगन प्रस्ताव, विशेष उल्लेख के प्रस्ताव, अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय इत्यादि) पर लोकसभा के अधिकारियों द्वारा तथा बजट प्रबंधन एवं कटौती प्रस्तावों पर पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

---

**फ्रांस डेलिगेट्स ने आयुर्वेद विश्वविद्यालय में किया भ्रमण**

# फ्रांस डेलिगेट्स से जाना आयुर्वेद, पंचकर्म, एवं योग का महत्व

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में फ्रांस से पधारे डेलिगेट्स ने आयुर्वेद, पंचकर्म एवं योग विधाओं का भ्रमण किया।

आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने आयुर्वेद की अंतरराष्ट्रीय पहचान बढ़ाने के लिए हाल ही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस "कौमारकॉन-2023" में यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका, फ्रांस जैसे सात देशों के साथ आयुर्वेद में शैक्षणिक, शोध एवं चिकित्सकीय कार्यों को बढ़ावा देने के लिए एम.ओ.यू करार किये। फ्रांस के साथ हुए एम.ओ.यू के तहत डेलिगेट्स ने आज शैक्षणिक भ्रमण किया। विदेशी डेलिगेट्स ने भ्रमण के दौरान हुए अनुभव कुलपति प्रो. प्रजापति के साथ साझा करते हुए कहा कि आयुर्वेद विश्व की एकमात्र ऐसी पद्दति है जो रोगी के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली जीने पर जोर देती है। संजीवनी चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार मिश्रा ने चिकित्सालय में की जाने वाली गतिविधियों से परिचित करवाते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का शीघ्रता से वैश्वीकरण हो रहा है।

पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. ज्ञान प्रकाश शर्मा ने पंचकर्म के "सेंटर आफ एक्सीलेंस" का भ्रमण करवाने के दौरान वमन, विरेचन, स्वेदन, अभ्यंग आदि उपक्रमों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी दिखाया। चिकित्सालय उपाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा एवं डॉ. संजय श्रीवास्तव ने विदेशी डेलिगेट्स का चिकित्सालय परिसर में भ्रमण करवाया जहां पर उन्होंने बहिरंग विभाग, अन्तरंग विभाग एवं आयुर्वेद पद्धति द्वारा किए जाने वाले उपचारों के तौर-तरीके देखे। इस दौरान डॉ. पूजा शर्मा द्वारा डेलिगेट्स का प्रकृति परीक्षण भी किया गया। स्वस्थवृत एवं योग विभाग द्वारा डेलिगेट्स को योग, प्राणायाम एवं आसनों से परिचित करवाते हुए स्वस्थ एवं रोगियों में किए जाने वाले योगाभ्सों का प्रदर्शन भी दिखाया गया। डेलिगेट्स के भ्रमण समन्वयक डॉ. मनोज अदलक्खा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा किए जाने वाले प्रयास मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में सहायता करेंगे। भ्रमण के दौरान डॉ. हेमंत राजपुरोहित एवं डॉ. प्रवीण प्रजापति उपस्थित रहे।

---

# उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा का किया सम्मान



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान के उप मुख्यमंत्री व तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं हौम्योपैथी (आयुष) विभाग, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने अभिनंदन किया। डॉ. अतुल गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। साथ ही अतुल गुप्ता ने आयुर्वेद में बेहद उपयोगी औषधीय पौधों की खेती को लेकर डॉ. प्रेमचंद बैरवा से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में औषधीय व जैविक खेती को बढावा देने के लिए विभागीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया।

---

# साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में सभी विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, डीन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल, एसएचओ दिलीप खडाव रहे। कार्यक्रम में एसएचओ दिलीप खडाव ने साइबर सिक्योरिटी, साइबर लॉ, साइबर फ्रॉड्स के बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए उन्हें साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताते हुए कहा कि आप सभी को खुदकी सुरक्षा के साथ आस पास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। मौके पर डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी सभी छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नारी को सदैव प्रश्न करते रहना चाहिए और अपनी बात कहने से कभी नहीं डरना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में डीन डॉ.ध्यान सिंह गोठवाल ने एसएचओ दिलीप खडाव को मोमेंटो देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

# रोडवेज बेड़े में शामिल होंगी नई बसें!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रोडवेज बेड़े में नई बसें शामिल होंगी। जल्द ही इसकी वित्तीय स्वीकृति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग की बैठक में यह बात कही। सोमवार को शासन सचिवालय में बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 100 दिन की कार्य योजना को धरातल पर उतारें।

उन्होंने वाहन फिटनेस प्रक्रिया को प्रभावशाली बनाने, प्रदूषण जांच केंद्रों को और अधिक पारदर्शी बनाने, महिलाओं को व्यावसायिक वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने की बात कही। परिवहन आयुक्त मनीषा अरोड़ा ने वाहन पंजीयन, लाइसेंस प्रक्रिया, प्रदूषण नियंत्रण और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए जा रहे नवाचारों पर प्रजेंटेशन दिया। बैठक में रोडवेज के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने बसों की वृद्धि के लिए वित्तीय आवश्यकता, वाहनों की स्थिति और रोडवेज बसों में विभिन्न श्रेणियों को दी जा रहीं रियायतों के बारे में जानकारी दी।

---

# विश्व हिन्दी दिवस पर कवि सम्मेलन आज



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी की वैश्विक यात्रा बुलंदी पर हिंदी नामक इस कवि सम्मेलन का आयोजन आज होगा। सम्मेलन को हॉवर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन द्वारा विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। उक्त आयोजन में पाली जिले के "देवेन्द्रसिंह राजपुरोहित शिवतलाव "निवासी को भी काव्य पाठ हेतु निमंत्रण संस्था के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा आमंत्रित किया गया है। बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाकर दो बार विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है जिससे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया, बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती है। बहुत ही कम समय में बड़े -बड़े आयोजन आयोजित करवा कर बुलंदी संस्था ने अपने नाम को सार्थक कर दिया है संस्था का यह तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड साहित्य जगत की सुर्खियों में बना हुआ है।

---

# पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 10 जनवरी 2024 को जयपुर जिले में पंचायतीराज संस्थाओं के सरपंच, उपसरपंच एवं वार्ड पंचों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव होंगें। जिला निर्वाचन अधिकारी, जयपुर ग्रामीण प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर पंचायतीराज संस्थाओं के उप चुनाव के लिये मतदान दिवस को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में पराक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आदेश के तहत जयपुर जिला ग्रामीण की पंचायत समिति झोटवाडा की ग्राम पंचायत भम्भौरी के सरपंच निर्वाचन क्षेत्र, पंचायत समिति तूंगा की ग्राम पंचायत खिजूरिया ब्राहम्णान के सरपंच निर्वाचन क्षेत्र, पंचायत समिति किशनगढ़ की ग्राम पंचायत रामजीपुरा कलां के वार्ड संख्या 2 एवं पंचायत समिति विराटनगर की ग्राम पंचायत गोविंदपुरा धाबाई के वार्ड संख्या 8 के मतदान दिवस 10 जनवरी, 2023 को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में स्थित औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कामगारों (आकस्मिक कामगारों सहित) को मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश देय होगा।



## सैन्य अभियान: जवानों ने टेरेन मास्किंग एक्सरसाइज की, अब रात में निगरानी और हमला कर सकेंगे

# करगिल में पहली बार सी-130 विमान की नाइट लैंडिंग

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

लद्दाख के करगिल में एयरफोर्स ने पहली बार सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान की नाइट लैंडिंग कराई। एयरफोर्स ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जारी किया।

वीडियो के साथ एयरफोर्स ने लिखा कि सी-130जे विमान को करगिल में उतार कर इतिहास रचा गया। अब रात के अंधेरे में भी निगरानी और दुश्मनों पर हमला किया जा सकता है। एयरफोर्स की तरफ से जारी वीडियो में सेना के कमांडो को टेरेन मास्किंग एक्सरसाइज करते हुए देखा गया। ये एक खास तरह का सैन्य अभियान होता है, जो दुश्मन से छिपकर अपने मिशन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। हालांकि एयरफोर्स ने इस एक्सरसाइज को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी।



### लद्दाख में नाइट लैंडिंग बेहद खतरनाक

लद्दाख के कारगिल में मौजूद हवाई पट्टी समुद्र तल से 8,800 फीट से ज्यादा ऊंचाई पर है। यह इलाका ऊंची पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा हुआ है। ऐसे में यहां लैंडिंग काफी मुश्किल मानी जाती है। रात के अंधेरे में लैंडिंग करना और भी चुनौतीपूर्ण होता है। इस दौरान न सिर्फ पहाड़ों से बचना होता है, बल्कि सिर्फ नेविगेशन के जरिए ही विमान उतारना पड़ता है।



### एयरफोर्स ने 68 हजार जवान लद्दाख भेजे

भारत ने लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 68 हजार से ज्यादा जवानों को तैनात किया है। इसके अलावा एयरफोर्स की मदद से करीब 90 टैंकों और वेपन सिस्टम्स को भी लद्दाख ले जाया गया। सुखोई एसयू-30 एमकेआई और जगुआर जैसे प्लेन्स से दुश्मन के जमावड़े पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही थी।

### 69 साल से लगातार सर्विस में सी-130

सी-130 विमान ने 1954 में पहली बार उड़ान भरी थी। इस चार इंजन वाले ट्रांसपोर्ट विमान को अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने बनाया था। बाद में नए इंजन, फ्लाइट डेक और एडवांस सिस्टम के साथ अपग्रेड हुए प्लेन को सी-130जे नाम दिया गया। भारत समेत 20 से ज्यादा देश इस विमान का इस्तेमाल करते हैं।

## अब "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना " होगा नाम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पंचायती राज विभाग के शासन सचिव एवं आयुक्त रवि जैन ने बताया कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित रसोई योजना का नाम अब " श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" करने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने बताया कि निर्णय की पालना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित रसोई योजना का नाम ऑनलाइन पोर्टल पर तथा प्रिंटिंग सामग्री, होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री पर तद्नुसार परिवर्तित कर संचालित रसोइयों के ऊपर " श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" का नाम लिखवाये जाने के साथ ही भविष्य में किये जाने वाले समस्त पत्र व्यवहार में इसी नाम का उपयोग किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना " में लाभार्थियों को परोसी जाने वाली थाली में मात्रात्मक वृद्धि 600 ग्राम किये जाने व मीनू में गुणात्मक सुधार करते हुए 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल या मिलेट्स खिचड़ी , अचार दिया जाना निर्धारित किया गया है।

## अन्तरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आगाज 12 से

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** हर साल की तरह इस बार भी अन्तरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव मनाया जाएगा। अन्तरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आगाज 12 जनवरी से होगा, जो कि 14 जनवरी तक चलेगा। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने उत्सव की तारीखों की घोषणा की। पहली बार धरणीधर मैदान में आयोजित होने वाले इस उत्सव की थीम आइकन्स ऑफ बीकानेर रखी गई है। इस उत्सव में हेरिटेज वॉक, बीकानेर कार्निवल, क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ़ आर्ट्स पर आधारित कई कार्यक्रम होंगे। साथ ही स्थानीय कला, संस्कृति और कंटेंपरेरी आर्ट का फ्यूजन शो, सेलिब्रिटी नाइट और अग्नि नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। फेस्टिवल की तैयारियां शुरू हो गई हैं । देशी-विदेशी सैलानी भी इसमें शामिल होने के लिए बीकानेर पहुचेंगे। वहीं ऊंट उत्सव के दौरान ऊंट फर कटिंग का भी आयोजन होता है,जिसमें विदेशी पर्यटक भी हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचते है।

### डीजीपी-आईजी कॉंफ्रेंस : आदित्य एल-1 की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की

# नौसेना ने किया वीरता का काम-मोदी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरी अरब सागर में एक वाणिज्यिक जहाज को समुद्री डाकुओं के चंगुल से छुड़ाने के लिए भारतीय नौसेना के सफल अभियान को साहसी बताते हुए इसकी प्रशंसा की। मोदी ने जयपुर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के पहले सौर मिशन यान आदित्य एल1 की सफलता का भी उल्लेख किया और कहा कि यह भारत की शक्ति और भारतीय वैज्ञानिकों के कौशल का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो दिन पहले, भारतीय नौसेना ने एक बहुत ही सफल साहसी अभियान पूरा किया। यह संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना और समुद्री कमांडो सक्रिय हो गए। जहाज में 21 नाविक थे इनमें 15 भारतीय थे। भारत के समुद्र तट से करीब 2 हजार किलोमीटर दूर पहुंचकर नौसेना ने सभी को संकट से बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि सुरक्षित बचाए जाने के बाद भारतीय नाविकों ने कमांडो की बहादुरी की सराहना करते हुए 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस जहाज को पांच-छह हथियारबंद लोगों ने अपहरण करने की कोशिश की थी। नौसेना ने एमवी लीला नॉरफोक को अपहृत करने की कोशिश के बाद मदद के लिए एक युद्धपोत, समुद्री गश्ती विमान, हेलीकॉप्टर और पी-8आई और लंबी दूरी के विमान और प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन तैनात किए थे। इस दौरान पीएम ने महिला सुरक्षा को लेकर भी काम करने के निर्देश दिए। रविवार को जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस का समापन हुआ। पिछले तीन दिन से चल रहे कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन 8 विषयों पर चर्चा हुई।



### राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन विश्राम गृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने शॉल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया और उनको राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी कला का स्मृति चिह्न भेंट किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संवैधानिक जागरुकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की।

### सूर्य मिशन पर बोले पीएम- भारतीय वैज्ञानिकों ने किया शानदार प्रदर्शन

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की आदित्य एल-1 सैटेलाइट धरती से 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करके अपने लक्ष्य पर निर्धारित समय पर पहुंच गया। ये वो स्थान है, जहां आदित्य एल-1 के सामने सीधे सिर्फ सूरज होगा। आदित्य एल-1 पर पृथ्वी या चंद्रमा की परछाई नहीं पड़ेगी। इससे आदित्य एल-1 को वैज्ञानिक प्रयोग करने में बहुत आसानी होगी। ये भारत के वैज्ञानिकों का एक और शानदार प्रदर्शन है। पीएम ने कहा कि आदित्य एल1 की सफलता भारत की शक्ति और भारतीय वैज्ञानिकों के कौशल का प्रमाण है। यह एक और महान उदाहरण है।

### देश की सुरक्षा पर भी चर्चा

इस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने देश की सुरक्षा के लिए खतरा बने आतंकी संगठन, उनकी गतिविधियों, तरीकों, जानकारी देने के साथ ही विश्वभर में ऐसे खतरों से निपटने के लिए काम में लिए जा रहे तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। विभिन्न राज्यों के पुलिस प्रमुखों ने अपने राज्य की चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीके बताते हुए सुझाव भी दिए। इसमें सीमांत राज्यों में घुसपैठ, फर्जी दस्तावेजों के जरिए नागरिकता लेकर देशद्रोही गतिविधियां संचालित करने, भ्रष्टाचारियों पर अंकुश लगाने जैसे मसलों पर भी चर्चा की गई।



### राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर दी पीएम को विदाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान के अपने तीन दिवसीय दौरे के बाद रविवार शाम को जयपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। जयपुर एयरपोर्ट पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन्हें विदाई दी। प्रधानमंत्री देशभर के पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए जयपुर आए थे। वह 5 जनवरी की शाम को जयपुर पहुंचे थे। वह राजभवन विश्राम गृह में ठहरे हुए थे।

## खींवसर में बनेगा एशिया का सबसे बड़ा लाइम प्लांट

### 225 करोड़ रुपए होंगे खर्च

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नागौर।** जिले के खींवसर कस्बे में एशिया की सबसे बड़ी एवं विश्व में लाइम उत्पादन में 8वें नम्बर की थाइलैंड की चेममैन पब्लिक कम्पनी एवं खींवसर माइन कॉर्पोरेशन खींवसर में एशिया का सबसे बड़ा क्विक लाइम उत्पादन प्लांट लगाएगी। करीब 225 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले इस प्रोजेक्ट पर 400 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। मई-जून में प्लांट का काम शुरू होगा और अगले वर्ष से उत्पादन भी शुरू हो जाएगा। इसमें प्रथम फेज में करीब 600 टन प्रतिदिन क्विक लाइम उत्पादन होगा, वहीं द्वितीय फेज तक एक हजार टन से अधिक उत्पादन शुरू हो जाएगा। प्लांट पर विद्युत व्यवस्था को लेकर करीब 150 बीघा भूमि पर 15 मेगावाट का सोलर प्लांट भी बनेगा। लाइम उत्पादन का प्रोजेक्ट बैरावास रोड स्थित 60 बीघा भूमि पर लगेगा। भू-गर्भ विशेषज्ञों के अनुसार कैमेस्ट्री ग्रेड का लाइम स्टोन पूरे भारत में केवल खींवसर में ही पाया जाता है। कम्पनी मेक इन इण्डिया की तर्ज पर प्लांटेशन में काम करेगी। प्रोजेक्ट को लेकर कम्पनी के कार्यकारी अधिकारी आदिसाक लोजुन सहित सीएमएएन की पूरी टीम बीते दिनों खींवसर पहुंची। इस दौरान खींवसर माइन कॉर्पोरेशन के चेयरमैन धनन्जयसिंह ने कहा कि वे लाइम स्टोन की दशा में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बदलाव लाएंगे तथा पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए क्षेत्र के किसानों को भी इसका पूरा लाभ पहुंचाएंगे। लोजुन ने बताया कि भारत के 70 प्रतिशत से अधिक चूना पत्थर भंडार राजस्थान में होने के कारण, राजस्थान राज्य में एक आधुनिक चूना संयंत्र विकसित करना है।

### प्रेस क्लब संस्था चौमूं

## पारिवारिक नववर्ष स्नेह मिलन समारोह संपन्न



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चौमूं।** सर्द शाम में राजस्थानी गानों की धुनों पर पत्रकारों ने जमकर ठुमके लगाए। भले ही सर्दी अपने चरम पर है लेकिन पत्रकारों एवं उनके परिजनों के हौसले के आगे क्षीण दिखाई दीं। पत्रकारों ने सपरिवार कार्यक्रम में मनोरंजन को हर पल भरपूर इंजॉय किया।

मौका था चौमू शहर के एम.बी. होटल में प्रेस क्लब संस्था चौमूं द्वारा नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का। आयोजन की शुरुआत में संस्था के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर भारती, संस्था अध्यक्ष जितेंद्र रांगेय, पूर्व अध्यक्ष के.एल.कुमावत व रामावतार शर्मा, सदस्य विष्णु कुमावत, वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र यादव आदि ने गणेशजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। आयोजन में संस्था अध्यक्ष जितेंद्र रांगेय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार दिनभर काम से बाहर घूमता रहता है लेकिन उसके परिवारजनों को घूमने–फिरने का मौका नहीं मिलता। इसको ध्यान में रखते हुए समस्त पत्रकारों के परिवारिजनों के लिए यह सम्मिलित आयोजन किया गया। इसमें पत्रकारों की पत्नी एवं बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं खेलों में हिस्सा लिया, जिसमें मुख्य रूप से डंब शरारत, म्यूजिकल चेयर, प्लेट में रसगुला, नींबू और चम्मच, मिले सुर मेरा तुम्हारा रही प्रतियोगिता प्रमुख रही। इससे पूर्व क्लब सदस्य डॉ. सीताराम कुमावत की ओर से गणेश वंदना एवं बालाजी के भजन गाकर आयोजन की शुरुआत की गई। संस्था के महामंत्री बी.एल. भंडारी ने कहा कि इस आयोजन में 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' प्रतियोगिता ने समां बांध दिया। अध्यक्ष जितेन्द्र रांगेय व विष्णु कुमावत एवं दिवाकर भारती एवं विष्णु कुमावत की जुगल बंदी में गाए गए गानों पर पत्रकार साथियों को डांस फ्लोर पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। के.एल कुमावत व उनकी पत्नी कांता कुमावत नींबू चम्मच प्रतियोगिता के विजेता रहे।

दम्पति के नागिन डांस ने भी समां बांध दिया। म्यूजिकल चेयर में मोना शर्मा विजयी रही।आयोजन में आए समस्त छोटे बच्चों को संस्था द्वारा उनकी जिंदगी का पहला उपहार देखकर उनके चेहरे पर खुशी देखते बनती थी। आयोजन में निखिल तिवाड़ी, विनोद शर्मा, घनश्याम वर्मा, विकास शर्मा, विकास बागड़ा, राजेंद्र भात्रा, राहुल सैनी एवं अन्य मौजूद रहे।

## अक्षय पात्र कर्मचारियों का अनोखा प्रयास- किया सरकारी स्कूलों में श्रमदान



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अक्षय पात्र संस्था अपने सामाजिक दायित्वों को लेकर हमेशा सजग रहती है, समय समय परसंस्था के द्वारा सामाजिक सेवा के अनेक कार्य होते रहते हैं। हमारे धर्मऔर संस्कृति में स्वछता की अपनी ही महत्ता है, इसी को ध्यान में रखते हुएसंस्था ने इस बार सरकारी स्कूलों में स्वछता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। वर्तमान मेंसर्दी के मौसम की स्थिति को देखते हुए राजस्थान सरकार द्वारा छोटे बच्चों के1 से 8 वी तक स्कूली बच्चों के अवकाश घोषित होने के कारण संस्था प्रधान ने यह निर्णय लिया है कि अक्षय पात्र के कर्मचारी अलग अलग स्कूलोंमें जाएंगे और सफाई करके श्रम दान करेंगे। अभी हाल ही में अक्षय पात्र फाउंडेशन द्वारा राजस्थान के जयपुर सहित सभी 9 ब्रांच अजमेर, जोधपुर, झालावाड़, बांरा, नाथद्वारा, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौडगढ़ में सरकारी वद्यालयों के प्रांगण की सफाई करके श्रमदान किया गया। इस श्रमदाम कार्यक्रम के बारे में संस्था के उपाध्यक्ष रघुपति दास ने बताया कि अक्षय पात्र संस्था सामाज के प्रति अपने दायित्वों को समझती और निभाती है। इस सफाई अभियान के दौरान संस्था के लगभग 950 कर्मचारियों ने अलग अलग सरकारी स्कूलों में श्रमदान किया। गौरतलब है कि अक्षय पात्र फाउंडेशन (पीएम -पोषण) योजना के अंतर्गत राजस्थानके 3000 सरकार स्कूलों में पढ़ने वाले 250000 बच्चों को प्रतिदिन दोपहर का भोजन उपलब्ध करवा रहा है।

ANCHOR | तैयारी शुरू

### लोकसभा चुनाव: भारतीय जनता पार्टी के कसी कमर, रणनीति बनाने में जुटी पार्टी

# मोदी चंपारण से करेंगे चुनावी अभियान का आगाज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा कमर कस ली है और वह अलग-अलग राज्यों को लेकर चुनावी रणनीति बनाने में जुटी है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत बिहार से कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी 13 जनवरी को बेतिया शहर के रमन मैदान में एक रैली को संबोधित करेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार में सड़कों और पुलों सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी कर सकते हैं। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद यह पहली बार होगा, जब भाजपा अपने सबसे पुराने सहयोगी जेडीयू के बिना चुनावी मैदान में उतरेगी।





### शाह-नड्डा भी करेंगे कैपेनिंग

मकर संक्रांति के बाद भाजपा बिहार में कई जनसभाएं और रैलियां करेगी। प्रधानमंत्री मोदी बेगूसराय, बेतिया और औरंगाबाद में तीन रैलियां करेंगे। पीएम के कार्यक्रम के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह जनवरी और फरवरी में कैंपेन में शामिल होंगे। शाह जनवरी और फरवरी में सीतामढी, मधेपुरा और नालंदा में जनसभाएं करेंगे। वहीं, नड्डा बिहार के सीमांचल और पूर्वी इलाकों में रैलियां करेंगे।

### 150 नए प्रत्याशी उतारेगी भाजपा

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है।

### पिछले चुनाव में एकतरफा जीत

पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार में एनडीए गठबंधन को 40 में से 39 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस ने एक सीट जीती थीं। इस बार के चुनाव में सभी सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला रहेगा। मोदी फिर से चुनावी का नेतृत्व कर रहे हैं और पार्टी ने बिहार में कमान सम्राट चौधरी को दी है।

# जिला स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता आज

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जालोर।** जिला कुश्ती संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 10 जनवरी बुधवार को कमालपुरा सांचौर में होगा। जालोर जिला कुश्ती संघ ओलंपिक पद्धति के वैधानिक एवं क़ानूनी रूप से वास्तविक सचिव हरीश कुमार सारण ने बताया कि जालोर जिले में ओलंपिक एवं ग्रीको रोमन स्टाइल की कुश्ती एसोसिएशन का सबसे पहले हमारी एसोसिएशन का स्पोर्ट्स एक्ट - 2005 में रजिस्ट्रेशन होने के कारण विधि विधान एवं नियमानुसार वैध है जिसे राजस्थान कुश्ती संघ जालोर जिला ओलंपिक संघ एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर से मान्यता प्राप्त है जिसके तत्वाधान में रविवार 14 जनवरी 2024 को पुरुष एवं महिला वर्ग की जिला स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुरा सांचौर में करवाया जा रहा है। पुरुष वर्ग फ्री स्टाइल में निम्न वजन वर्ग में 57 61 65 70 74 79 86 92 97 एवं 125 किलोग्राम तथा ग्रीको रोमन वर्ग में 55 60 63 67 72 77 82 87 97 एवं 130 किलोग्राम तथा महिला पहलवान 50 53 55 57 59 62 65 68 72 एवं 76 किलोग्राम में भाग ले सकेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य ओलिंपिक एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी एवं राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष लाल सिंह सांखला तथा अध्यक्षता जालोर डिस्ट्रिक्ट कुश्ती संघ के अध्यक्ष भैरा राम विश्नोई करेंगे।प्रतियोगिता भारतीय कुश्ती महासंघ के नियमानुसार होगी।

# राठौड़ का राष्ट्रीय स्तर कप्तान कराटे चैंपियनशिप में चयन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बाड़मेर।** बाड़मेर मीठड़ा निवासी सवाई सिंह सोहनसिहं राठौड़ का राष्ट्रीय स्तर कप्तान कराटे चैंपियनशिप में चयन हुआ है जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि उदयपुर में प्रतियोगिता में सवाई सिंह मीठड़ा ने शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान का नाम रोशन किया। राठौड़ मध्य प्रदेश पुलिस एकेडमी भोपाल में होने वाली क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में 16 से 20 जनवरी को भोपाल मध्य प्रदेश हिस्सा लेंगे।

# जय श्री राम लिखी 500 मेवाड़ी पाग जाएगी अयोध्या

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरा देश उत्साहित है। भगवान श्रीराम सालों बाद मंदिर में विराजेंगे, वो क्षण हर देशवासी के लिए गौरवान्वित करने वाले होंगे। देश-विदेशों से रामलला के लिए भेंट भेजी जा रही हैं। इसी क्रम में उदयपुर से भी समारोह के लिए 500 मेवाड़ी पाग भेजी जाएंगी। इसकी खासियत ये है कि ये पाग महिला कारीगरों द्वारा तैयार की गई है और हर पाग पर हाथ से जय श्रीराम लिखा है। इसमें इन महिलाओं की श्रद्धा, भक्ति व आस्था साफ झलक रही है।

## 7 दिन में तैयार की पगड़ियां

शहर के पगड़ी आर्टिस्ट जयंत व जिनेश कोठारी ने बताया कि मेवाड़ की इस वीर भूमि से पगड़ियां रामलला की नगरी अयोध्या जाएंगी, इससे बड़ी गर्व की बात नहीं हो सकती। इसकी खासियत ये है कि महिला कारीगर इस धार्मिक कार्य में योगदान दे रही हैं। ये सभी महिलाएं अपने हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही हैं। इनकी लग्न और जज्बे के कारण ही केवल 7 दिन में 500 पगड़ियां तैयार कर दिखाई हैं। महिलाओं की इस टीम में रीना



कोठारी ,धापू सालवी, सुशीला सालवी, प्रेम सालवी, नीलू सुथार, खुशबू सालवी, सपना, दुर्गा, प्रिया, लक्ष्मी, माया माली व अन्य शामिल हैं। ये पगड़ियां 2 से 3 दिन में अयोध्या के लिए रवाना कर दी जाएंगी।

# रोहिडा में देव वंशीय मालवी लोहार समाज चार परगना की बैठक आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अंबाजी।** रोहिडा स्थित श्री लक्ष्मीनारायणजी मंदिर के प्रागण में श्री देव वंशीय मालवी लोहार समाज चार परगना ( रोई, भीतरोट, कोरियारा एवं जुड़ा विकरणी) श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर रोहिडा (सिरोही) में बैठक आयोजित हुई। श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की नवम् वर्षगांठ की तैयारी को लेकर मंदिर प्रांगण में चारों परगनो की बैठक सम्पन्न हुई। वहीं बैठक के अध्यक्ष गोविन्द राम धरमाजी अजारी वालों ने विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सर्वप्रथम बैठक के अध्यक्ष ने अपना उद्बोधन दिया जिसके बाद समाज के गणमान्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार समाज के लोगों के समक्ष रखें गए। बैठक में चारों परगनो के समाज बंधुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। 19 फरवरी 2024 को श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की नवम् वर्षगांठ समारोह होना



है। उसके चलते नवम् वर्षगांठ समारोह को सफल बनाने के लिए समारोह में अलग अलग व्यवस्थाओ के भामाशाहो ने हुंकार भरी एवं सहयोग राशि की भी घोषणा की गई। और बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई जिसके लिए मंदिर कमेटी के समस्त कार्यकारिणी की तरफ से सहयोग मिला।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छे से अच्छा आयोजन हो इसके लिए सभी ने तन मन और धन से सहयोग करने की बात कही गई । वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए लगातार सहयोग मिल रहा है। श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द राम धरमाजी और चार परगना के समाज बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

केबिनेट मंत्री पटेल का कुलपति प्रो. प्रजापति ने किया अभिनन्दन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प में प्रो. प्रजापति ने की शिरकत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर परिसर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करवड़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प में संसदीय विधि मामलात के केबिनेट मंत्री जोगा राम पटेल का प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति एवं कुल सचिव सीमा कविया ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया तथा चांदपोल जुनाराम द्वारा, जोधपुर के पीठाधीश अमृतराम का अभिनन्दन किया। करवड़ ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प में ग्रामजनों मंत्री कुलपति प्रो. प्रजापति, कुलसचिव कविया, पी.जी.आई.ए. प्राचार्य/निदेशक प्रो. महेन्द्रकुमार शर्मा, मौलिक सिद्धान्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र सिंह चाहर, योग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्रभान शर्मा, मीडिया प्रभारी डॉ. दिनेश ाचन्द्र शर्मा, होम्योपैथी संकाय सदस्य, विभिन्न अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने ऑनलाईन स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे गरीब कल्याण, किसानों, युवाओं और महिलाओं से सम्बन्धित उद्बोधन एवं करवड़ ग्राम के लाभार्थियों को सुना। क ार्यक्रम के प्रारम्भ में करवड़ के सरपंच बालाराम चौधरी ग्रामवासियों के समक्ष केबिनेट मंत्री, कुलपति प्रो. प्रजापति का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा कुलसचिव कविया का पंचायत समिति, केरू के प्रधान अनुश्री पुनिया ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।



## शिविर में 66 रोगी लाभान्वित

**कुलपति** प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (ग्रामीण), जोधपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. वृषाली बारब्दे के निर्देशानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. यशस्वी शाक द्विपीय, डॉ. राकेश कुमार मीना, नर्सिंग कर्मचारी अनुराधा त्रिपाठी एवं सहायक अनिल चौधरी के द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 66 रोंगियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई एवं होम्योपैथिक औषधियां देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत ने बताया कि शिविर में शीत ऋतु में होने वाली बीमारियाँ जैसे त्वचा की रूक्षता, एलर्जी, नजला, जुखाम, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, दमा, निमोनिया, जोड़ों के विकार, बवासीर, गुर्द की पथरी, अपच्यता, महिलाओं में अनियमित मासिक चक्र, मोटापा, थॉयरोइड सम्बन्धी रोग, बच्चों के रोग जैसे उल्टी, दस्त एवं बुखार इत्यादि से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया। शिविर में उपस्थित पुलिस कर्मचारी(महिला-पुरूष) को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश कुमार मीना द्वारा जीवन शैली में बदलाव, सुपाच्य आहार एवं व्यायाम द्वारा सामान्य जीवनशैली सम्बन्धित रोगों का रोकथाम एवं होम्योपैथिक औषधियों द्वारा इनके निदान की जानकारी दी। डॉ. यशस्वी शाक द्विपीय द्वारा महिलाओं एवं बच्चों में शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु पौषक भोजन के सेवन, स्वास्थ्य-स्वच्छता एवं कोरोना से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (ग्रामीण) के प्रभारी धर्मेन्द्र एवं प्रशिक्षण केन्द्र के स्टॉफ का सहयोग रहा तथा उन्होनें जनोपयोगी कार्य के लिए कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति का आभार जताया।

# कैलादेवी मेले में भंडारे के लिए तैयारियां शुरू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**करौली।** उत्तरभारत प्रसिद्ध आस्थाधाम कैलादेवी में आगामी चैत्र माह में कैलामाता के आयोजित होने वाले चैत्र लक्खी मेले में भंडारा लगाने को लेकर करौली जिले के कुडग़ांव के भक्त मंडल की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कुडग़ांव कस्बे के मां कैलादेवी भक्त मण्डल की ओर से कैलादेवी में मेले के दौरान प्रतिवर्ष यात्रियों के लिए भंडारा लगाया जाता है। इसी क्रम में इस बार लगने वाले मेले को लेकर भक्त मण्डल की ओर से एक लाख दर्शनार्थियों के भंडारे के लिए कस्बे की अग्रवाल धर्मशाला में अचार बनाना शुरू किया। उल्लेखनीय है कि स्थानीय कस्बा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मां कैलादेवी भक्त मंडल के सदस्य कैलादेवी के मुख्य बस स्टैण्ड के समीप भंडारा लगाते हैं।

शहरी सौन्दर्यकरण समिति की बैठक आयोजित

# पहाड़ी पर लगेगा 100 फीट का तिरंगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सुमेरपुर।** नगरपालिका सभा भवन में पालिका शहरी सौन्दर्यकरण समिति की बैठक समिति अध्यक्ष महेन्द्र माली एवं अधिशाषी अधिकारी ओमप्रकाश दाधीच द्वारा आहूत की गई। बैठक में शहर के सौन्दर्यकरण संबंधी विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिये गये। समिति अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि पूर्व में लिया गया प्रस्ताव शहर की पहाडी पर 100 फीट का तिरंगा लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सुमेरपुर में सबसे कृषि मण्डी होने से कृषि संबंधित प्रतिमा जिसमें बैलगाडी, हल व अनाज की बोरी लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया, समिति अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने से शहर में समस्त सर्कलों व



सरकारी भवनों पर रोशनी व्यवस्था करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया, सीणप तालाब के जीर्णोद्वार, शहर के डिवाईडरों गांधी मूर्ति से जालौर चौराहा व राजगुरू सर्कल से भगतसिंह नटराज गार्डन तक डिवाईडरों में पौधे लगाने का निर्णय लिया गया, साथ ही समिति अध्यक्ष ने अवगत कराया कि सीणप तालाब में असामाजिक तत्वों द्वारा अनैतिक कार्य किया जाते है जिसकी रोकथाम हेतु सीसी टीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव लिया गया एवं पूर्व बैठक में लिया गया निर्णय पोमावा पुलिया हाईवे पर लाईटे लगाने हेतु एल एण्ड टी को पत्र लिखा जाने का निर्णय लिया गया।

कमेटी बैठक में पालिका अध्यक्ष उषा कंवर राठौड, पालिका अधिशाषी अधिकारी ओमप्रकाश दाधीच, शहरी सौन्दर्यकरण समिति अध्यक्ष महेन्द्र माली, शहरी सौन्दर्यकरण समिति सदस्य कन्हैयालाल, गीता सोलंकी, गुडिया सोलंकी, पेपी बाई, कमला जावा, परमिन्दर कौर, गोविन्द कुमार कुमावत, पर्वतसिंह राठौड, छोटूदान चारण, स्वास्थ्य निरीक्षक यशवन्त परिहार उपस्थित रहे।


सलीम गौरी व उनकी टीम की प्रस्तुतियों से नववर्ष स्नेह मिलन में बरसे स्नेह के पुष्प

# बार और बैंच के सौहार्दपूर्ण रिश्तों से साकार होती है त्वरित न्याय की अवधारणा-न्यायाधीश कुंतल जैन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** नववर्ष के अवसर पर बार एसोसिएशन केकड़ी की और से बार और बैंच का स्नेहमिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बार के पूर्व अध्यक्ष सदस्य सुरेन्द्र सिंह राठौड़,मनोज आहूजा ने संबोधित करते हुए कहा कि बार और बैंच के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध होंगे तभी हम आम जनता को न्याय रूपी प्रसाद परोस सकेंगे। आहूजा ने युवा अधिवक्ताओ को कहा कि नए साल के संकल्प के साथ वो आगे बढ़ें। न्यायाधीश कुंतल जैन ने केकड़ी बार की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि बार और बैंच के सौहार्दपूर्ण रिश्तों व सांमजस्य से हम यहां न्यायिक कार्य सुचारू रूप से कर पा रहे हैं।उन्होंने कहा कि उनके लगभग तीन साल का कार्यकाल बेहतरीन तरीके से बीता है। न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि यहां की बार का व्यवहार सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि नववर्ष पर हम सब मिलकर यह प्रण लेते हैं कि हम पहले से बेहतरीन कार्य करेंगे।न्यायाधीश हिरल मीणा ने भी बार की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि बार और बैंच के सौहार्दपूर्ण रिश्तों में केकड़ी का नाम सदैव अव्वल नम्बर पर लिया जाता है,यहां आने के बाद हकीकत देखने को मिली है। नवपदस्थापित न्यायाधीश मर्यादा शर्मा ने कहा कि केकड़ी में बार और बेंच का अद्भुत सांमजस्य है जो अत्यंत सराहनीय है।उन्होंने कहा कि मेरी पहली पोस्टिंग है और मेरे लिए यह खुशी की बात है जो मुझे केकड़ी में पदस्थापन मिला है इसके साथ ही उन्होंने सभी को नववर्ष की बधाई व शुभकामनायें दी। बार अध्यक्ष राम अवतार मीणा ने कहा कि बार और बैंच के मधुर संबंधों से ही हम आमजन को न्याय दिलवा सकते हैं जो न्याय प्रशासन के लिए आवश्यक है।

## प्रो. मिश्रा बने एकेडमिक काउंसिल के सदस्य



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में कार्यरत प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार मिश्रा को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने विद्या परिषद (एकेडमिक काउंसिल) का 3 वर्ष के लिए सदस्य नियुक्त किया है। इससे पूर्व डॉ. मिश्रा बोर्ड ऑफ़ स्टडीज़ के अध्यक्ष एवं संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय को दे चुके हैं। वर्तमान में डॉ. मिश्रा विश्वविद्यालय के संघटक पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के स्नातकोत्तर काय चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संजीवनी चिकित्सालय के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

....................

फोन .................... पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि ( रुपए ) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ ( डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें )

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


ANCHOR शैक्षणिक भ्रमण

# शैक्षणिक भ्रमण कर लौटा होनहार विद्यार्थियों का दल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**केकड़ी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डा के बारह विद्यार्थियों सहित अजमेर जिले भर के चौबीस होनहार विद्यार्थियों का एक दल यात्रा प्रभारी भगवान सिंह गौड़, सह प्रभारी जोरावर सिंह, दिनेश कुमार वैष्णव, रजनी चंचलानी और लीलावती चौहान की अगुवाई में राजस्थान के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर लौटा।

'राजस्थान दर्शन शैक्षिक एवं सांस्कृतिक यात्रा' योजना के तहत हुए इस पांच दिवसीय अन्तर जिला शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने व्यावहारिक ज्ञान में अभिवृद्धि की। यात्रा के दौरान क्विज, भ्रमण आलेख एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरिया की अनुष्का चौधरी को प्रथम स्थान, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मण्डा की खुशी वैष्णव को द्वितीय स्थान एवं राजकीय जवाहर उच्च




माध्यमिक विद्यालय अजमेर के दिलखुश प्रजापत को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।

आयोजन प्रभारी भगवान सिंह गौड़ ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से छात्र खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत अनुभवों से परिभाषित करते है। शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से बच्चों में एक अनुभूति जागृत होती है, जिससे वे यहां की विभिन्नताओं जैसे इतिहास, विज्ञान, शिष्टाचार और प्रकृति को व्यक्तिगत रूप से जान सकते है। इसके अतिरिक्त बच्चों में समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना प्रबल होती है। यात्रा के सह प्रभारी दिनेश कुमार वैष्णव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों ने चित्तौड़गढ़ में फतह प्रकाश महल, म्यूजियम, कीर्ति स्तम्भ, कुम्भा श्याम मन्दिर, मीरा मन्दिर, विजय स्तम्भ, जौहर स्थान, गौमुख कुण्ड, समिधेश्वर महादेव मन्दिर, कालिका माता मन्दिर के साथ ही व्यू पॉइन्ट से चित्तौड़गढ़ शहर का नजारा देखा। इसके पश्चात मण्डफिया स्थित प्रसिद्ध सांवलिया सेठ मन्दिर में दर्शन कर झीलों की नगरी उदयपुर में गुलाब बाग, सिटी पैलेस, जगदीश मन्दिर, सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, पिछोला झील, सहेलियों की बाड़ी, सुखाड़िया सर्किल, फतेहसागर झील देखकर कुम्भलगढ़, हल्दीघाटी, चेतक समाधि स्थल और खमनौर में रक्त तलाई सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। सज्जनगढ़ वन्य जीव उद्यान में सभी वन्य जीवों को खुले में देखना उनके लिए अनूठा अनुभव था।

भ्रमण के अंत में नाथद्वारा में विश्व की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा विश्वास स्वरूपम और श्रीनाथ मन्दिर के दर्शन कर यह दल पुनः लौटा। इस दौरान प्रभारी भगवान सिंह गौड़, सह प्रभारी जोरावर सिंह, दिनेश कुमार वैष्णव, रजनी चंचलानी और लीलावती चौहान ने इन सभी ऐतिहासिक स्थानों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26



संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

**बिलकिस बानो गैंगरेप:** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार का फैसला पलटा, कहा- सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया

# 11 दोषी फिर जाएंगे जेल, 2 हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



गुजरात में 2002 दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया। साथ ही सभी दोषियों को दो सप्ताह के भीतर जेल प्रशासन के पास हाजिर होने के लिए कहा गया।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। गुजरात सरकार ने 2022 में इन दोषियों की सजा में छूट देते हुए रिहा कर दिया था। बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई का फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। उसने अपनी सत्ता और ताकत का दुरुपयोग किया। वह दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। जिस राज्य में अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसी को दोषियों की माफी याचिका पर फैसला लेने का अधिकार है। इस टिप्पणी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी (रिटायर्ड) के उस फैसले को भी रद्द कर दिया, जिसमें 11 दोषियों को गुजरात सरकार से माफी के लिए अपील करने की अनुमति दी गई थी।

### क्या है मामला?

27 फरवरी 2002 को अयोध्या से लौट रही साबरमती एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन पर आग के हवाले कर दिया गया था। हादसे में 59 कारसेवकों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके बाद पूरे गुजरात में दंगे भड़क उठे। हमले से बचने के लिए बिलकिस अपनी साढ़े तीन साल की बेटी सालेहा और 15 दूसरे लोगों के साथ गांव छोड़कर चली गईं। दंगों की आग 3 मार्च 2002 को बिलकिस के परिवार तक पहुंच गई। दंगाइयों ने बिलकिस, उनकी मां और परिवार की तीन अन्य महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। उन सभी को बेरहमी से पीटा। हमले में परिवार के 17 में से सात सदस्यों की मौत हो गई। छह लापता हो गए। केवल तीन लोगों की जान बच सकी। उस समय बिलकिस की उम्र 21 साल थी और वह पांच महीने की गर्भवती थीं।

### विपक्ष ने भाजपा को घेरा

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बीजेपी पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए लिखा कि अंततः न्याय की जीत हुई। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप की शिकार के आरोपियों की रिहाई रद्द कर दी। इस आदेश से भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी नीतियों पर पड़ा हुआ पर्दा हट गया। इस आदेश के बाद जनता का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत होगा। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी नारी शक्ति की तो बात करते है पर जमीनी स्तर पर बिलकिस बानो के रेपिस्टों के साथ खड़े नजर आते हैं।

---

### महुआ को कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला नहीं खाली करने पर सोमवार को संपदा निदेशालय (डीओई) ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। डीओई ने अब उन्हें तीन दिन में कारण बताओ नोटिस का जवाब देने को कहा है। महुआ को पिछले साल 8 दिसंबर को अनैतिक आचरण का दोषी ठहराते हुए लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन्हें 7 जनवरी तक बंगला खाली करने का कहा गया था।

### डिसेबिलिटी से जुड़े सवालों के लिए हेल्पलाइन

**नई दिल्ली।** पहली बार डिसेबिलिटी से जुड़े सभी सवालों के लिए एक नेशनल टोल-फ्री हेल्पलाइन सोमवार को शुरू की गई। सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले और डिसेबिलिटी मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने पर्पल फेस्टिवल इंटरनेशनल के दौरान इसे लॉन्च किया। 24/7 हेल्पलाइन (1800 22 2014) का उद्देश्य डिसेबल लोगों को मदद की सुविधा देना है। हेल्पलाइन में डिसेबिलिटी की रोकथाम, मैनेजमेंट, विशेष स्कूलों में शिक्षा के मौके, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

---

**प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग पर केन्द्रित होगी संगोष्ठी**

## "गर्भोपक्रम-2024" में शामिल होंगे देश के विख्यात विशेषज्ञ

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में दिनांक 2-3 फरवरी को विश्वविद्यालय संघटक महाविद्यालय पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के स्नातकोत्तर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग व काश्यपी आयुर्वेदा गाएनेकोलॉजी ऐंड ऑब्सटेरिटिशन फाउंडेशन राजस्थान एसोसिएशन (के.ए.जी.ओ.एफ) के संयुक्त तत्वाधान में "गर्भोपक्रम-2024" राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। "गर्भोपक्रम-2024" के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. प्रजापति ने बताया कि इस संगोष्ठी में भारत के अनेक प्रख्यात विश्वविद्यालय जैसे अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, आई.टी.आर.ए. जामनगर, मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय उदयपुर जैसे संस्थानों के विशेषज्ञ एवं शैक्षणिक पदाधिकारी सम्मिलित होकर अपने चिकित्सकीय ज्ञान का आदान प्रदान करेंगे व कर्माभ्यास के दौरान आने वाली बाधाओं के निराकरण हेतु चिकित्सकीय विधाओं का विवेचन भी करेंगे, जिससे स्नातकोत्तर अध्येताओं को शास्त्रोक्त ज्ञान के साथ ही प्रायोगिक ज्ञान अर्जन का अवसर भी प्राप्त होगा। संगोष्ठी के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो. (डॉ.) लक्ष्मीप्रिया देई (सेवानिवृत्त), आई.टी.आर.ए.जामनगर, प्रो. (डॉ.) सुजाता कदम, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान दिल्ली, प्रो. (डॉ.) कामिनी धीमान, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली, प्रो. (डॉ.) ईना शर्मा (सेवानिवृत्त),आर.जी.जी. पपरोला, हिमाचल प्रदेश, प्रो. (डॉ.) सुनीता समून, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रो.(डॉ.) दीपा मिश्रा,बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी , प्रो. (डॉ.) शिल्पा डोंगा आई.टी.आर.ए. जामनगर, प्रो. (डॉ) सुनीता जोशी जी.ए.सी. हैदराबाद, प्रो. (डॉ) भारती कुमारमंगलम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर व डॉ करिश्मा नरवानी डायरेक्टर ऑफ गर्भोपनिषद फाउंडेशन जामनगर मुख्य वक्ता रहेंगे । "गर्भोपक्रम -2024" की आयोजन सचिव एवं विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. ए. नीलिमा ने बताया कि संगोष्ठी के माध्यम से आयुर्वेद के शास्त्रो में वर्णित विविध परिचर्या जैसे स्वस्थ एवं रोग रहित गर्भाधान के उपाय, गर्भिणी द्वारा नौ माह में पालन किया जाने वाले आहार विहार, प्रसव पश्चात जच्चा एवं बच्चा के स्वस्थ सम्बन्धी परामर्श और सूतिका काल में किस प्रकार से नव प्रसूता अपने शरीर व मन को प्रसव पूर्व अवस्था में ला सके जैसे विषयों पर चर्चा होगी । इस संगोष्ठी द्वारा गर्भकाल, प्रसवकाल, सूतिका काल में होने वाले सामान्य रोग जैसे ज्वर, स्तन्य क्षय, छर्दि, विबंध, पाण्डु एवं गंभीर अवस्थाएं जैसे पी.पी.एच, ए.पी.एच., पोस्ट नेटल डिप्रेशन के निदान व चिकित्सकीय उपायों पर संभाषा की जाएगी। संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञों एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं द्वारा पेपर प्रेजेंटेशन हेतु शोध पत्रों को दिनांक 10 जनवरी तक आमंत्रित किया जाएगा।

---

## मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी का इस्तीफा मंजूर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान सरकार में मंत्री बनाए गए सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी कांग्रेस प्रत्याशी रूपिन्दर सिंह कुन्नर से करणपुर विधानसभा चुनाव हार गए। इसके बाद राज्यमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह के भेजे इस्तीफे को राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वीकार कर लिया है। अब सवाल है कि उनके पास चार विभाग थे। अब ये विभाग किसे मिलेंगे। मंत्रिमंडल की 6 सीटें अभी भी खाली हैं। वर्तमान भजनलाल सरकार में मंत्रिमंडल की तीस में से 25 सीटें भरी हुई हैं। एक सीएम, दो डिप्टी सीएम, 12 कैबिनेट मंत्री, 5 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, पांच राज्यमंत्री शपथ लेकर काम कर रहे हैं। सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को तीस दिसम्बर को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ दिलवाई गई थी।

### टीटी का इस्तीफा मंजूर

करणपुर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिन्दर सिंह कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी और मंत्री बनाए गए सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को हरा दिया है। कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी और राज्यमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 11 हजार 283 वोटों के अंतर से मात दी। हारने के बाद सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी ने देर शाम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपना इस्तीफा भेज दिया। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद में राज्यपाल कलराज मिश्र ने टीटी के त्यागपत्र को स्वीकार कर लिया है।

### सरकार और संगठन को झटका

सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी संभवतः ऐसे पहले मंत्री हैं, जो विधायक बने बिना मंत्री बने और मंत्री पद की शपथ लेने के बाद चुनाव हार गए। सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा सरकार और संगठन दोनों को बड़ा झटका लगा है। सरकार बनने के बाद भाजपा की यह पहली सियासी परीक्षा थी, जिसे सत्ता और संगठन दोनों मिलकर पास नहीं कर सके।

---

**लोकसभा चुनाव:** इस बार कांग्रेस को आस

## हार का क्रम तोड़ने के लिए बनाई रणनीति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



सीएम अशोक गहलोत ने भी कहा कि कांग्रेस को लोकसभा चुनावों में इसका फायदा मिलेगा। पिछले दो लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में से एक भी सीट नहीं जीत पाई।

आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। अपनी हार का क्रम तोड़ने के लिए रणनीति भी बना ली है। कांग्रेस ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में सम्मानजनक सीटों पर जीत को देखते हुए दर्जनभर सीटों पर अपनी स्थिति को मजबूत माना है। वहीं श्रीकरणपुर विधानसभा सीट पर भाजपा की सरकार होते हुए जीत दर्ज करने पर भी कांग्रेस के उत्साह को दोगुना कर दिया। पूर्व

### कांग्रेस ने मजबूत सीटों पर किया फोकस

सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में जिन सीटों पर जीत दर्ज की है उनको मजबूत मानते हुए पूरा फोकस उन सीटों पर लगा लिया है।कांग्रेस ने करीब 10 से 14 सीटों को मजबूत मानकर वहां केंद्रीय पदाधिकारियों और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओं को जीजान से जुट जाने का मंत्र दिया है। इसको लेकर राजस्थान में कई केंद्रीय नेताओं के दौरे भी प्रस्तावित कर लिए गए हैं। कांग्रेस ने ऐसी सीटें भी चिन्हित कर ली है जहां उन्हें कम वोटों से हार का सामना करना पड़ा है । वहां कांग्रेस का मानना है कि यहां भी लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया जा सकता है।

### लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा

कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश चुनाव समिति का भी गठन कर दिया है। जिसकी जिम्मेदारी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सौंपी गई है। जिसकी जल्द ही बैठक होने की संभावना भी जताई जा रही है। इस बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन होगा।

### हार का क्रम तोड़ना बड़ी चुनौती

इस बार पार्टी के सामने हार का क्रम तोड़ने की बड़ी चुनौती है। क्योंकि हर बार की तरह भाजपा इस बार भी पीएम मोदी के चेहरे ही एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी। इस प्रकार कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी की उनके पास ऐसा कोई सर्वमान्य चेहरा नहीं है जिसके बूते लोकसभा चुनावों का रण जीता जा सके।

---

## कनोडिया कॉलेज में प्री-प्लेसमेंट टॉक आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के सेंटर फॉर करियर गाइडेंस, टेऊनिंग एंड प्लेसमेंट के द्वारा पिरामल फाउंडेशन, दिल्ली के सहयोग से 'गांधी फैलोशिप प्रोग्राम-'बी द चेंज यू विश टू सी इन द वर्ल्ड' विषय पर प्री-प्लेसमेंट टॉक का आयोजन किया गया। टॉक की वक्ता अवनीत कौर ने फैलोशिप की विशेषताएँ बताते हुये छात्राओं को इसमें भाग लेने के लिये प्रेरित किया। फैलोशिप के दौरान छात्राओं को कुल 24,500 रुपये प्रतिमाह की राशि दी जायेगी। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल ने छात्राओं को अपने करियर के प्रति केंद्रित रहने और अपने लक्ष्य के प्रति काम करने के लिये प्रेरित किया। चर्चा में महाविद्यालय की कुल 40 छात्राओं ने भाग लिया। अंत में सेंटर की संयोजक डॉ. आकांक्षा गंडा ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल व महाविद्यालय प्रशासन को सैदव समर्थन देने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---

### अपराध मुक्त 25 गांवों के प्रतिनिधि सम्मानित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** बीकानेर रेंज के अपराध मुक्त गांवों के सरपंच व जनप्रतिनिधियों के सम्मान में आईजी रेंज कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने ग्राम पंचायतों के सरपंच व सरपंच प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। आईजी व एसपी ने कहा कि रेंज के इन 25 गांवों ने दूसरे गांवों के लोगों के सामने एक नजीर पेश की है कि भाईचारे से विवादों को सुलझाया जा सकता है। इन गांव के लोगों का दूसरे गांवों के लोग भी अनुसरण करें। साधारण व आपसी मामलों को गांव के बड़े बुजुर्गों व बौद्धिक व्यक्तियों के प्रयास से सुलझाने की प्रवृति को ज्यादा अपनाएं। कार्यक्रम में डूंगर कॉलेज के समाजशास्त्र के प्रोफेसर सुन्दर ज्याणी ने भी संबोधित किया।

#### आठ साल पहले सोच, अब काम धरातल पर

अपराध मुक्त गांवों को सरकार ने वर्ष 2016 को प्रोत्साहन देने एवं राजस्थान दिवस पर पुरस्कृत करने की मंशा जाहिर की थी। इस संबंध में उस दरम्यान प्रशासन कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक एनआर रेड्डी ने प्रदेश के सभी रेंज आईजी व पुलिस अधीक्षकों को पत्र भी लिखा, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। अब आठ साल बाद बीकानेर रेंज ने इस काम को तवज्जो दी है।

---

## गूगल पर खूब सर्च हो रहा लक्षद्वीप, टूटा 20 साल का रिकॉर्ड

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद 'लक्षद्वीप कीवर्ड' ने गूगल सर्च में 20 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 20 साल में पहली बार ऐसा हो रहा है जब गूगल में पूरी दुनिया में लक्षद्वीप को सर्च किया जा रहा है। बता दें कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लक्षद्वीप का दौरा किया था और शानदार फोटो और वीडियोज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए थे।

पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर इतना गूगल सर्च नहीं होता लेकिन इस मामले में मालदीव के मंत्रियों के साथ-साथ अन्य कैबिनेट सदस्यों और सरकारी अधिकारियों की दखलअंदाजी ने लोगों को लक्षद्वीप के प्रति प्यार और मालदीव के प्रति नफरत जगा दी। इसके बाद से लक्षद्वीप पर ट्रेड पर है।

### रोज एक लाख सर्च

पीएम की इस ट्रिप के बाद गूगल पर लोग अंडमान और निकोबार आईलैंड की आबादी, कल्चर और रेस्टोरेंट, होटल को लेकर भी सर्च कर रहे हैं। गूगल पर लक्षद्वीप को लेकर हर रोज 1,00,000 से अधिक सर्चेज हो रहे हैं। मालदीव के मंत्रियों के ट्वीट के बाद शुरू विवाद के बाद हजारों लोगों ने अपनी मालदीव की ट्रिप को कैंसिल किए हैं।

---

## पालिका अध्यक्ष ने किया आश्रय स्थलों का निरीक्षण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**सुमेरपुर।** नगर पालिका सुमेरपुर अध्यक्ष उषा कंवर राठौड ने नगर पालिका द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन DAY-NULM योजनान्तर्गत संचालित आर.टी.ओ कार्यालय के पास स्थित बप्पा ठाकुर आश्रय स्थल एवं स्वामी विवेकानन्द बस स्टेण्ड के सामने स्थित आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। पालिका अधिशाषी अधिकारी ओमप्रकाश दाधीच ने बताया कि नगर पालिका द्वारा बेघरो/निराश्रितो हेतु स्थायी आश्रय स्थलो का संचालन किया जा रहा है जिसमे आर.टी.ओ कार्यालय के पास स्थित आश्रय स्थल एवं विवेकानन्द बस स्टेण्ड के सामने स्थित आश्रय का निरीक्षण पालिका अध्यक्षा उषा कंवर राठौड द्वारा निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्षा द्वारा सर्द ऋतु को देखते हुये आश्रय स्थलो में की गई व्यवस्था का जायजा लिया जिसमें आश्रय स्थल में ठहरने वाले व्यक्तियों हेतु बिस्तर, सीसीटीवी केमरे, एलईडीटीवी, प्राथमिक उपचार, केयर टेकर, रजाई गद्दे, शौचालय, सफाई, पेयजल, इत्यादि सुविधाओ का जायजा लिया गया जिसमें सभी व्यवस्थाओं संतोषप्रद पाई गई। निरीक्षण के दौरान सी.ओ. भरत राठौड, नरपत सिंह के साथ अन्य पालिका कार्मिक उपस्थित रहें।


---

ANCHOR सत्य घटना

**एंगर मैनेजमेंट :** द ट्रबल्ड डिप्लोमेटिक रिलेशन्स बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान किताब में दावा

# भारत ने पाकिस्तान पर तान दी थीं 9 मिसाइलें

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




27 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर (अब ग्रुप कैप्टन) अभिनंदन वर्धमान कश्मीर में पाकिस्तानी एयरक्राफ्ट की घुसपैठ की निगरानी करते हुए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में चले गए थे और उनके एयरक्राफ्ट पर पाकिस्तानी एफ-16 ने मिसाइल दाग दी थी। इस दौरान अभिनंदन खुद को विमान से बाहर निकलने में कामयाब रहे। हालांकि वे पाकिस्तानी सेना के हाथ लग गए।

पाकिस्तान सेना ने उन्हें छोड़ने से इनकार कर दिया था, लेकिन उसकी सांस तब फूलने लगी जब भारत ने 9 मिसाइलों का मुंह पाकिस्तान की ओर मोड़ दिया था। भारत ने जैसे ही मिसाइलों को सीमा की तरफ घुमाया। उधर, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी सेना के इरादे बदल गए। इमरान खान लगातार भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के लिए कॉल कर रहे थे। जहां पहले पाकिस्तान अकड़ दिखा रहा था। मिसाइलों का मुंह मोड़ते ही उसकी घिग्घी बंध गई। वो बातचीत पर आ गया। ये खुलासे पूर्व हाई कमिश्नर अजय बिसारिया ने अपनी नई किताब 'एंगर मैनेजमेंट : द ट्रबल्ड डिप्लोमेटिक रिलेशन्स बिटवीन इंडिया एंड पाकिस्तान' में किया है।

### मोदी ने नहीं की थी बात

बिसारिया ने किताब में बताया कि उन्हें आधी रात को इस्लामाबाद में भारत के तत्कालीन हाई कमिश्नर सोहेल महमूद का फोन आया था। उन्होंने कहा था कि इमरान खान पीएम मोदी से बात करना चाहते हैं। बिसारिया ने दिल्ली में लोगों से बात की और महमूद से कहा कि मोदी, इमरान खान से बात करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। बाद में पीएम मोदी ने इसे कत्ल की रात बताया था।

### इमरान शांति का कर रहे थे दिखावा

28 फरवरी को वर्धमान को छोड़ने की घोषणा करते हुए इमरान खान ने पाकिस्तानी संसद में कहा कि उन्होंने रात में पीएम मोदी से बात करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान यह दिखा रहा था कि उसने शांति के लिए वर्धमान को छोड़ दिया, लेकिन अमेरिका और इंग्लैंड ये जानते थे कि भारत की धमकी और मिसाइलों के डर की वजह से ये काम किया है।

---

### बुलेट ट्रेन के लिए जमीन अधिग्रहण का काम पूरा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

हाई स्पीड (बुलेट ट्रेन) रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में जमीनअधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति शेयर की। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए जरूरत की पूरी 1389.49 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया।

# केन्द्र सरकार के मिशन सहकार से समृद्धि को धरातल पर उतारा जाएगा

## सहकारिता मंत्री गोतम कुमार ने किया कार्यभार ग्रहण

### नए सदस्यों के जुड़ने की प्रक्रिया को सरल किया जाएगा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गोतम कुमार ने मंगलवार को शासन सचिवालय के मंत्रालय भवन स्थित अपने कक्ष में पूजा अर्चना के बाद विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। सहकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सहकारिता मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित परिजनों एवं विभागीय अधिकारियों ने उन्हें कार्यभार ग्रहण करने की बधाई दी।

कार्यभार संभालने के पश्चात गोतम कुमार ने सहकारिता विभाग में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मिशन सहकार से समृद्धि को राज्य में धरातल पर उतारा जाएगा। इसके तहत किए जा रहे 17 नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य के अनुरूप नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा।

कुमार ने वीसी से जुड़े अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारिता विभाग का दायरा विस्तृत है और किसी न किसी रूप में राज्य की एक तिहाई आबादी इससे जुड़ी हुई है। अधिकारी सकारात्मक ऊर्जा के साथ एक सबके लिए सब एक के लिए की भावना के साथ कार्य करें। सहकारिता जिस भाव के साथ निर्मित हुई है उससे भटके नही और मूल भाव को बनाए रखे, इसी सोच के साथ कार्य को अंजाम दे।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि जनता में सहकारिता के प्रति नकारात्मक भाव उत्पन्न नही हो और गलत भ्रातियों को पैदा नही होने दे। उन्होंने कहा कि समय के साथ चलने की प्रवृति पर जोर दे और नवाचारों को बढावा दे। समय पर शिकायतों का निस्तारण करे और नए सदस्यों को सहकारिता से जोड़े। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव, सहकारिता श्रीमती श्रेया गुहा ने विभागीय पद्धति से रूबरू कराया एवं रजिस्ट्रार सहकारिता ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय कार्यों के बारे में अवगत कराया।

कुमार ने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों में नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए ताकि पात्र लोग सहकारिता से जुड़ सके। उन्होंने व्यवस्थापकों के खाली पदों को भरने के लिए टाइम बाउन्ड प्रोग्राम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उचित दरों पर सामग्री मिल सके इसके लिए सहकारिता की उपभोक्ता दुकानों को सुदृढ़ एवं प्रतिस्पर्धात्मक स्वरूप दिया जाए। उन्होंने बैंकों के क्रेडिट सेक्टर, केन्द्रीय सहकारी बैंकों में भर्ती, किसानों की खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाने, पशु आहार प्लान्ट का नवीनीकरण, तिलम संघ, प्राथमिक भूमि विकास सहकारी बैकों की स्थिति, प्रेस का आधुनिकीकरण पर चर्चा की। उन्होंने नवनिर्वाचित सदस्यों एवं पदाधिकारियों के प्रशिक्षण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शिकायतों का 7 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक राजफैड संदेश नायक, संयुक्त शासन सचिव, मों. अबू बक्र सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने ली बैठक

# कृषकों की आय को दोगुना करना ही एक मात्र लक्ष्य



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को पंत कृषि भवन में कृषि एंव उद्यानिकी विभाग, बीज प्रमाणीकरण संस्था और राजस्थान राज्य बीज निगम की बैठक ली।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाऐं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विस्तार व तकनीकी मिशन, राष्ट्रीय टिकाऊ खेती मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय परम्परागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन और पीएम-कुसुम योजना कम्पोनेन्ट 'बी' के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से फार्म पौण्ड, सिंचाई पाईप लाईन, डिग्गी, बीज उत्पादन एवं मिनिकिट वितरण, मिलेट्स प्रोत्साहन और तारबंदी सम्बन्धी प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी ली।

कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री ने पहली बैठक में ही जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग में नवीन जिलों के गठबंधन उपरांत अभियांत्रिकी संवर्ग के पदो के पुर्नगठन का अनुमोदन किया। अनुमोदन पश्चात अतिरिक्त मुख्य अभियंता/अतिरिक्त निदेशक के 20, अधीक्षण अभियंता/संयुक्त निदेशक के 57, अधिशाषी अभियंता/उप निदेशक के 190 और सहायक अभियंता के 581 पद होगें।

कृषि मंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में तैयार 100 दिवसीय कार्य योजनाओं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत 1 हजार करोड़ रूपये फसल के नुकसान का आंकलन एवं राहत राशि का वितरण किया जायेगा, 500 कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना, पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत प्रदेश में मौजूद ट्यूब वैलों का सौर ऊर्जा द्वारा संचालन सुनिश्चित करने के लिए 5 हजार सोलर पम्प स्थापित किये जायेंगे, 27 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप एवं मिनि स्प्रिकंलर व 54 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिकंलर लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के कार्यो की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यो को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से सम्पन्न करें।

डॉ. मीणा ने निर्देशित किया कि कृषकों की आय को दोगुनी करने के लिए कृषि के क्षेत्र में नवाचारों को अपनाया जायेगा जिससे उनकी पैदावार में बढ़ोतरी होगी और फसलों का उचित मूल्य दिलवाया जायेगा, जिससे कृषकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक खेती पर जोर दिया जायेगा। इसके लिए विशेष कैम्प लगाकर कृषकों को जागरूक किया जायेगा।

मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स उत्पादों की मेन्यूफेक्चिरिंग व मार्केटिंग पर जोर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को सुनने व समझने के लिए जल्द ही किसान यूनियनों की मिटिंग बुलाई जायेगी।

इस दौरान बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी, कृषि विभाग के आयुक्त कन्हैया लाल स्वामी, उद्यानिकी विभाग के आयुक्त लक्ष्मण सिंह कुड़ी, संयुक्त शासन सचिव, कैलाश नारायण मीणा एवं राजस्थान राज्य बीज निगम के एम.डी. जसवंत सिंह सहित विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहे।

# साप्ताहिक और एक्सप्रेस ट्रेन का पटना साहिब स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थाई ठहराव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे द्वारा श्री गुरू गोविन्द सिंह महाराज जी की 357 वीं जन्म जयंती के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को ध्यान में रखते हुए रेल यात्रियों की सुविधा हेतु भागलपुर-अजमेर-भागलपुर एवं कोलकाता-उदयपुर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवाओं का 9 जनवरी से 23 जनवरी तक पटना साहिब स्टेशन पर 02 मिनट का अस्थाई ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 13423, भागलपुर-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 09.01.24 से 23.01.24 तक पटना साहिब स्टेशन पर 17.13 बजे आगमन एवं 17.15 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 13424, अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 09.01.24 से 23.01.24 तक पटना साहिब स्टेशन पर 09.58 बजे आगमन एवं 10.00 बजे प्रस्थान करेगी और गाडी संख्या 12315, कोलकाता-उदयपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 09.01.24 से 23.01.24 तक पटना साहिब स्टेशन पर 21.01 बजे आगमन एवं 21.03 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 12316, उदयपुर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 09.01.24 से 23.01.24 तक पटना साहिब स्टेशन पर 06.03 बजे आगमन एवं 06.05 बजे प्रस्थान करेगी।

# मुख्यमंत्री आज केकड़ी के भांडावास ग्राम में

### जिला प्रशासन ने लिया तैयारियों का जायजा, विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लेंगे भाग

### जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक ने देखीं व्यवस्थाएं, विभागों को दिए निर्देश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**केकड़ी।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज केकड़ी आएंगे। वे यहां भांडावास ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भाग लेंगे. जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दौरे की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी भी साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज सावर उपखंड के भांडावास ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शिरकत करेंगे और केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए लाभार्थियों से संवाद करेंगे। उन्होंने यात्रा को लेकर हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे ।

### 5 दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू "जागृति" का समापन

# शिक्षा एक ऐसा गुण है, जो आपको सर्वश्रेष्ठ बनाता है-बियानी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी बी.एड. कॉलेज में 5 दिवसीय supw कैम्प "जागृति" के समापन का आयोजन नई उर्जा व उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक डॉ. संजय बियानी, बी.के शीतल दीदी , प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे , प्राचार्य डॉ. एकता पारीक रही।

इस अवसर पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं रखी गई जिसमें पोस्टर मेकिंग, डांस, रैंप वॉक और स्टेट वाईज विद्यार्थियो ने डांस , ग्रुप डांस व फेशन शो आयोजित किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने कार्यक्रम को एन्जॉय किया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी ने कच्ची बस्ती से आए सभी बच्चों को मोटिवेट किया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई का महत्व समझाया और कहा कि शिक्षा एक ऐसा गुण है जो आपको सर्वश्रेष्ठ बनाता है। शिक्षा से आप न केवल शिक्षित होंगे बल्कि आपको सभी जगह सम्मान तथा एक अलग पहचान मिलेगी। बी.के शीतल दीदी ने सभी कच्ची बस्ती के बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सही माइनों में सेवा भाव गरीब लोगों की सेवा से ही है।गरीबों के पास कुछ कुछ? लोग हो ही जाते हैं। जबकि गाड़ी वालो के पास सभी जाते है। संस्था की ओर से लिए गये इस संकल्प की मैं सहराना करती हूं कि उन्होनें गरीब लोगों के इन मासूम बच्चों को कुछ सीखने का व अपना हुनर दिखाने के लिए एक मंच दिया। यही सेवा भाव है तथा प्रेम है। मौके पर विद्याधर नगर व किशन बाग से आए सभी बच्चों ने अपनी रंगारंग नृत्य प्रस्तूती से सभी का मन मोह लिया। कार्यकम के अन्त में विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया गया ल कार्यक्रम बहुत ही आनन्द दायी रहा ।

# सीए इंटरमीडियट और सीए फाइनल नवम्बर 2023 का परिणाम घोषित

### उदयपुर जिले से फाइनल में विशाल मलारा प्रथम

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** द इन्स्टीटयूट् ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इंडिया की ओर से मंगलवार को सीए इंटरमीडियट और सीए फाइनल नवम्बर 2023 का परिणाम घोषित किया गया। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती ने उदयपुर केन्द्रों का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि सीए फाइनल में कुल 562 विद्यार्थी बैठे, जिसमें से 90 विद्यार्थी पास उत्तीर्ण हुए। 24 विद्यार्थी दोनों ग्रुप, 14 विद्यार्थी प्रथम ग्रुप व 52 विद्यार्थी द्वितीय ग्रुप में पास हुए। उदयपुर जिले से फाइनल में टॉपर में विशाल मलारा प्रथम स्थान, युग सारगिया द्वितीय स्थान और नबीला अतारी तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह इंटरमीडियट में मोनिशा बापना प्रथम स्थान, हेतवी जैन द्वितीय स्थान और तनीषा कुदाल तृतीय स्थान पर रहे। ब्रांच सचिव सीए. राहुल माहेश्वरी ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा में उतीर्ण होने की बधाई दी।

ANCHOR | वरड़ा में 8 दिवसीय प्रस्तर शिल्प कार्यशाला का हुआ समापन

# कला कौशल निखार कर ऑलराउंडर बने विद्यार्थी-कुलपति प्रो. मिश्रा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुनिता. मिश्रा ने कहा है कि वर्तमान युग में विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान से समृद्ध करने के साथ-साथ कला के क्षेत्र में कौशल निखारकर ऑल राउंडर बनाने की जरूरत है ताकि वह बड़ा होकर अपने लिए उपयुक्त कॅरियर का चयन कर सके।

प्रो. मिश्रा शनिवार को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला द्वारा कश्ती फाउंडेशन और टीम एन एफर्ट के साझे में शहर के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में चल रही विशेष प्रस्तर शिल्प कार्यशाला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए संजोया गया संकल्प तभी मूर्त रूप लेगा जब हर गांव-कस्बे के विद्यालयों में इस प्रकार से कला-कौशल निखारने की कार्यशालाओं का आयोजन हो। उन्होंने जनजाति अंचल के विद्यालयों में छिपी कला प्रतिभाओं को उचित मंच देकर निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन की सराहना की और आयोजकों व कलाकारों को इसे अनवरत जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने इस कार्य में विश्वविद्यालय द्वारा भी उचित सहयोग दिए जाने का भी आश्वासन दिया। बतौर विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के एफएमएस प्रभाग की निदेशक प्रो. मीरा माथुर और कश्ती फाउंडेशन की राधिका अग्रवाल ने इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण व विद्यार्थियों द्वारा तैयार कलाकृतियों की सराहना की तथा इसे सृजनात्मक गतिविधि का अतुलनीय उदाहरण बताया।

इस मौके पर कार्यशाला संयोजक व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा के सृजनधर्मी शिक्षक व प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी ने अपने संबोधन में बताया कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के निदेशक फुरकान खान द्वारा अरावली पहाड़ियों की तलहटी में स्थित विद्यालय में इस 8 दिवसीय कार्यशाला के आयोजन की स्वीकृति दी गई थी। इस कार्यशाला में इन दिनों विद्यार्थियों को कला-विशेषज्ञों व शिल्पकारों द्वारा प्रस्तर शिल्पकला की बारीकियों से रूबरू करवाया गया वहीं मार्बल व ग्रेनाईट के स्क्रेप से 5 कलाकृतियों का भी निर्माण किया गया।

इस दौरान अतिथियों ने कैनवास पर कलाकृति उकेर कर तथा प्रदर्शनी का फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उद्घाटन दौरान कला प्रशिक्षक सुनील भट्ट, नीलोफर मुनीर व अन्य कलाकारों ने विद्यार्थियों को दिए गए प्रशिक्षण और इसके माध्यम से तैयार की गई कलाकृतियों की जानकारी दी और अतिथियों से कला प्रदर्शनी का अवलोकन करवाया। समारोह में गजल-गीतकार कपिल पालीवाल ने अपनी सनातनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मौजूद अतिथियों, कलाकारों व विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इस दौरान चित्रकार डॉ. चित्रसेन, कमलेश डांगी, शिवांगी देवड़ा, केनी सेन, अमित सोलंकी, कबीर मेघवाल, किशन सेन, राहुल रावतवाल, शिवा रावलवाल आदि ने चारकोल द्वारा तैयार कलाकृतियों को प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य मनोहर लाल सुथार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस आठ दिवसीय कार्यशाला के अनुभवों को उजागर किया। कार्यशाला का संचालन कबीर मेघवाल ने किया

### विद्यालय देख अभिभूत हुई कुलपति

समारोह उपरांत मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने विद्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें विद्यालय में आकर्षक ढंग से तैयार किए गए हेरिटेज लुक वाले आकर्षक कक्षा कक्षों और कंटेनर में तैयार की गई डिजिटल लाइब्रेरी के बारे में विद्यालय के सृजनधर्मी शिक्षक हेमंत जोशी ने जानकारी दी। उन्होंने इस ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के प्रयासों की सराहना भी की।

# कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के वर्ष 2024 का कृषि पंचाग का विमोचन



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा वर्ष 2024 के कृषि पंचाग का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी आर चौधरी, डॉ एस के मल्होत्रा, निदेषक डीकेएमए, आईसीएआर नई दिल्ली एवं कुल सचिव तथा समस्त निदेषक और अधिष्ठाता की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर प्रो बी आर चौधरी ने कहा कि यह पंचाग समस्त किसानों के लिए काफी लाभप्रद होगा क्योंकि इसमे कृषि, पषुपालन और बागवानी से सम्बन्धित गतिविधियो का मासिक कार्यो का सरल भाषा मे उल्लेख किया गया जिससे किसान इसे देखकर आपनी मासिक कृषि गतिविधियां संचालित कर सकते है। डॉ एस के मल्होत्रा ने कहा कि इस तरह के नवाचार हेतु विष्वविद्यालय के कुलपति और उनकी टीम बधाई की पात्र है और निसंदेह इससे किसानों को फायदा होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, अधिष्ठाता और अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# चूरू से सीधे जुड़ेगा लुधियाना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चूरू।** ढाई लाख की आबादी वाले शहर की पहुंच अब सीधे पंजाब के लुधियाना शहर तक होगी। यहां से गुजर रहे एनएच 52 के फोरलेन बनने के बाद नंबर बदलकर एनएच 703 हो जाएगा। सांसद राहुल कस्वा ने बताया कि करीब 550 करोड़ की लागत से बन रहे हाइवे का काम इस साल के मई माह तक पूरा हो जाएगा। पहले चरण में जिले के हरियाणा से लगते बोर्डर से सालासर धाम तक करीब डेढ सौ किमी एनएच 58 फोरलेन बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकण की ओर से इसका निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में सालासर धाम से नागौर तक फोरलेन बनाया जाएगा। फिलहाल हाइवे को फोरलेन में बदलने का काम चल रहा है।

### कई शहरों की राह होगी सुगम

**वर्तमान** में हरियाणा के बोर्डर से सालासर धाम तक करीब डेढ सौ किमी का सफर तय करने में निजी वाहन मालिक को लगभग तीन घंटे का समय लगता है। फोरलेन बनने के बाद महज दो घंटे में यह दूरी तय हो सकेगी। वहीं हरियाणा के सिरसा, हनुमानगढ़ जिले के नोहर-भादरा व श्रीगंगानगर तक जिले के लोगों की पहुंच आसान हो जाएगी।

## मंत्रियों के साथ लंच : कहा, योजनाएं धरातल पर हों लागू

# मंत्री 3 दिन जयपुर और 3 दिन रहें फील्ड में : सीएम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमण्डल विस्तार के बाद रविवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पहली अनौपचारिक बैठक की। बैठक में सरकार की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रियों को तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से कहा कि विभाग में मंत्रियों को हार्ड वर्क करना हैं। जिससे योजनाएं धरातल पर अच्छे से लागू हो सकें। वहीं, बैठक में सीएम ने मंत्रियों को 100 दिन की कार्य योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए। पदभार संभालने के बाद सीएम ने सभी विभागों को 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिसके आधार पर मंत्रियों को सीएम ने काम करने के निर्देश दिए।

दरअसल, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद रविवार को पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को सीएमआर में लंच पर आमंत्रित किया था। लंच पर अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों के साथ आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन जन तक पहुंचाने की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। सीएम भजनलाल शर्मा सहित दो उप मुख्यमंत्रियों ने 15 दिसम्बर को शपथ ली थी। वहीं, सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार 29 दिसम्बर को किया था। इसमें उन्होंने 12 कैबिनेट, 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्यमंत्री बनाए थे।

वहीं, मंत्रियों को विभाग का बंटवारा सीएम ने 5 जनवरी को किया था। इसके बाद कई मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का कार्यभार संभाल लिया हैं। जल्द सीएम भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल की पहली कैबिनेट बैठक बुला सकते हैं।



### भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन पर एजेंसियों की तारीफ की

आरपीएससी की ओर से आज सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन और पीटीआई (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 का आयोजन हुआ। बीजेपी सरकार बनने के बाद यह पहली परीक्षा थी। परीक्षा के सफल आयोजन पर सीएम भजनलाल शर्मा ने एजेंसियों की तारीफ की। सीएम ने कहा- परीक्षा को पारदर्शिता के साथ कराने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट रहा। मुख्यमंत्री ने भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण एंव सफल आयोजन पर सभी एजेंसियों की प्रशंसा की।

### ये मंत्री पहुंचे भोज पर

सीएमआर में लंच के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर, सुरेश रावत, जोराराम कुमावत, कन्हैया लाल चौधरी, अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, ओटाराम देवासी, विजय सिंह चौधरी, मंजू बाघमार और केके विश्नोई पहुंचे।

## नगर निकायों से हटेंगे संविदा पर कार्यरत रिटायर्ड अधिकारी

राजस्थान में भजनलाल सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। नगर निकायों में संविदा के रूप में ली जा रही सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है।

डीएलबी में संविदा पर काम कर रहे रिटायर्ड आरएएस, लेखाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों की सेवाएं समाप्त करने का फैसला लिया गया है। विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। बता दें प्रदेशभर में करीब 500 से अधिक ऐसे अधिकारी-कर्मचारी संविदा पर कार्यरत हैं। वहीं जेडीए प्रशासन ने पिछले दिनों ऐसे 15 अधिकारियों को हटाया है। वहीं दोनों निगमों में भी ऐसे अधिकारियों को हटाने का काम शुरू का दिया गया है।

### नगर निकायों में बढ़ रहा था भ्रष्टाचार

बहुत से रिटायर्ड अधिकारी लंबे समय से नगर निकायों में संविदा पर काम कर रहे थे। इसके चलते इन विभागों में लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही थीं। पिछले दिनों अलग अलग नगर निकायो में इनकी शिकायतें भी की गई थीं लेकिन अपनी पहचान के चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। अब नई सरकार ने विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए यह कदम उठाया है। खास बात यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक सभा में कुछ विभागों में फैले भ्रष्टाचार की बात उठाई थी और इसके पीछे ऐसे ही रिटायर्ड कार्यरत अधिकारियों को वजह बताई थी।

## लोकसभा चुनाव : तैयारियों में जुटी कांग्रेस

# प्रदेश में 25 कॉर्डिनेटर नियुक्त, जाखड़ को एनएसयूआई का प्रदेशाध्यक्ष बनाया





» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

राजस्थान यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का नए प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जाखड़ की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। अभिषेक चौधरी की जगह अब विनोद जाखड़ को जिम्मेदारी दी है। वहीं, 25 सीटों पर कॉर्डिनेटर भी नियुक्त किए गए हैं।

अभिषेक चौधरी को पार्टी ने विधानसभा चुनावों में झोटवाड़ा विधानसभा से टिकट दिया था लेकिन वो चुनाव हार गए थे। अभिषेक चौधरी पायलट गुट की बगावत के समय एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष बने थे। उनका कार्यकाल भी लगभग पूरा हो गया था।

### पांच विधायकों को भी बनाया कॉर्डिनेटर, युवाओं पर भी दांव

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 25 सीटों पर कॉर्डिनेटर भी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कॉर्डिनेटर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। कॉर्डिनेटर बनाए गए नेताओं में पांच विधायक शामिल हैं। जबकि बाकी जगहों संगठन पदाधिकारियों, विधानसभा चुनाव हारे हुए नेताओं को जिम्मेदारी दी है। गंगानगर लोकसभा सीट पर दिनेश कसवा को कॉर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही बीकानेर में पूसाराम गोदारा, चूरू में हाकम अली, झुंझुनूं में खानुखां बुधावली, सीकर में महेंद्र गहलोत, जयपुर ग्रामीण से हरसहाय यादव, जयपुर से रोहित बोहरा, अलवर से धर्मेंद्र राठौड़, भरतपुर लोकसभा सीट से महेश जोशी को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। करौली-धौलपुर के लिए ममता भूपेश, दौसा से प्रशांत बैरवा, टोंक-सवाईमाधोपुर से महेश शर्मा, अजमेर से सुदर्शन सिंह रावत, नागौर से गजेंद्र सांखला, पाली से संगीता बेनीवाल, जोधपुर से महेंद्र चौधरी, बाड़मेर से अभिषेक चौधरी, जालोर से अंजना पटेल, उदयपुर से रामलाल मीणा, बांसवाड़ा से महेंद्रजीत सिंह मालवीय, चित्तौड़गढ़ से हेम सिंह शेखावत, राजसमंद से शकुंतला रावत, भीलवाड़ा से राजकुमार शर्मा, कोटा से मुरारी लाल मीणा, झालावाड़ बारां से प्रमोद जैन भाया को कॉर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कॉर्डिनेटर अपने-अपने प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्रों में जाकर पार्टी प्रत्याशियों की रायशुमारी करने के साथ स्थानीय नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी तैयारियां भी करेंगे। यह सभी प्रदेश चुनाव समिति की देखरेख में काम करेंगे।

## नया दायित्व : सांसद ने दी बधाई





दीया कुमारी को वित्त, पर्यटन, कला साहित्य एवं संस्कृति, सार्वजनिक निर्माण, महिला एवं बाल विकास और बाल अधिकारिता विभाग का मंत्री बनाए जाने एवं झाबरसिंह खर्रा को स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री का दायित्व मिलने पर आज उनके निवास पर जाकर सांसद सुमेदानंद सरस्वती ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान : यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नववर्ष सम्मेलन को विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने किया संबोधित

# स्वस्थ मस्तिष्क से ही राष्ट्र की उन्नति, स्वस्थ भारत की रचना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

सभी मिलजुल कर स्वस्थ भारत की रचना करें। शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी। राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाएं।

यह कहना था राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का। देवनानी रविवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नव वर्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद् की ओर से आयोजित किया गया व योग कार्यों में जागरूकता लाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं ने योग प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राम रतन देवाचार्य और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति संजीव शर्मा भी मौजूद रहे।



### योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

देवनानी ने कहा कि भारत विश्व गुरु है व भारत की परंपराएं समृद्ध और वैज्ञानिक दृष्टि से सही हैं। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से राष्ट्र समृद्ध है। हम सभी लोगों को निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को अपनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर : भाजपा नेता रवि नैय्यर और बीजेपी प्रदेश महामंत्री मोती लाल ने किया कैम्प का शुभारंभ

# गैस चूल्हे और ऋण स्वीकृति पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

भारतीय जनता पाटी के प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा ने रविवार को नगर निगम जयपुर हेरिटेज की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गीता भवन, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 13 जनवरी तक चलने वाले शिविर का शुभारंभ किया। मीणा और नैयर ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत पिंकी देवी व कोमल देवी को गैस चूल्हे व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत वसीम खान, कार्तिक व पूनम वर्मा को 10-10 हजार रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। समारोह में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों व शिविर में आए नागरिकों को 2047 तक विकसित व समृद्ध भारत बनाने की शपथ दिलाई व इसके बाद शिविरों का निरीक्षण किया।

इस अवसर मीणा ने कहा कि देश के शासन की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ में आने से पहले पाकिस्तान व अन्य देशों से घुसपैठ कर आए आंतकवादी सेना व नागरिकों पर बम विस्फोटों से हमले करते थे और देश में दंगे आम थे। लेकिन अब सुरक्षा बलों के द्वारा आंतकियो को मार गिराने के समाचार आए दिन आते रहते हैं। जम्मू कश्मीर सहित सभी प्रान्तों में दंगों में कमी आई है और शांति के माहौल में देशवासी रह रहे हैं।



### घर-घर पहुंचे योजनाओं का लाभ

गौ सेवक एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक रवि नैयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन-जन के दरवाजे पर योजनाओं का लाभ पहुंचाने की मुहिम शुरू की है, उसमें हमें भी योगदान देना है। इस अवसर पर भाजपा आईटी सेल के प्रदेश प्रमुख अजय विजयवर्गीय, पार्षद श्याम सुन्दर सैनी, किशोर मोत्यानी, सुनील दत्ता, प्रकाश चन्द्र शर्मा, सुनील जैन, कमल सैनी, नीरज अग्रवाल, भाजपा जिला मंत्री अलका खण्डेलवाल, विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर सहसंयोजक घनश्याम प्रजापत, शिव अरोड़ा, सुरेन्द्र जैन मंडल अध्यक्ष, रजनीश गौड़, उपायुक्त स्वास्थ्य एवं आदर्श नगर नूर मोहम्मद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 'कांग्रेस राज में था भ्रष्टाचार'

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोतीलाल ने यहा भी कहा कि, तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्वीकार किया था कि वे योजनाओं के तहत आमजन के उत्थान के लिए अगर एक रुपया भेजते हैं तो उसमें से 15 पैसे अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ के रूप में मिलते हैं। इस कदर भ्रष्टाचार था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सब नागरिकों के खाते खुलवाकर उनके खाते में सीधे लाभ पहुंचाना शुरू कर दिया है। गत 10 साल में देश ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और आज भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है।

## खुल सकता है राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल

**जयपुर।** खाद्य-सुरक्षा से अपात्र परिवारों के लिए केंद्र सरकार खुशखबरी दे सकती है। प्रदेश व केंद्र में एक ही सरकार होने के कारण लोगों की उम्मीद जगी हैं। केन्द्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोलने की तैयारी में है। राशन कार्ड का पोर्टल जनवरी माह में खुलने वाला है। जिस किसी को भी राशन कार्ड में किसी सदस्य का नाम जुड़वाना, कटवाना, नया राशन कार्ड, नाम सुधार आदि सभी काम करवाना है तो जल्द ही अपना नाम व अन्य सभी प्रकार की जानकारी पहले आधार कार्ड व जनआधार में सही करवा कर तैयार रहे, ताकि राशन कार्ड का पोर्टल चालू होते ही नाम शीघ्रता से जुड़ सकें।

ANCHOR | जल जीवन मिशन

# राजस्थान को लाएंगे ऊपरी पायदान पर-जलदाय मंत्री

### परियोजनाओं में क्वालिटी कंट्रोल पर होगा विशेष ध्यान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने मंगलवार को जल भवन में आयोजित विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन में जो चुनौतियां हैं उन्हें स्वीकार करते हुए राजस्थान को जेजेएम में ऊपरी पायदान पर लाया जाएगा और प्रदेश के हर ग्रामीण घर तक जल कनेक्शन पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में देरी के कारणों का पता लगाकर उनका हल निकाला जाएगा एवं जेजेएम की गति बढ़ाई जाएगी।

जलदाय मंत्री ने वर्तमान में प्रगतिरत परियोजनाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए क्वालिटी कंट्रोल विंग को फील्ड में जाकर फिजीकल वेरीफिकेशन करने, सैम्पल एकत्र करने एवं गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मिलने पर कडी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी को एकजुट होकर टीम भावना के साथ कार्य करते हुए तय लक्ष्य पूरे करने के निर्देश दिए। जलदाय मंत्री ने पहले से स्वीकृत हैण्डपंप एवं ट्यूबवैल को फंक्शनल बनाने एवं जिन ट्यूबवैल में बिजली कनेक्शन नहीं है वहां प्राथमिकता से बिजली कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना छोटी हो या बड़ी मौके पर कार्य अच्छा एवं गुणवत्तापूर्ण हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इससे पहले जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने जलदाय मंत्री को विभाग में विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों एवं वित्तीय स्थिति के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सौ दिवसीय कार्य योजना, जल जीवन मिशन में प्रगति के बारे में जानकारी दी। समीक्षा बैठक में एमडी जल जीवन मिशन बचनेश अग्रवाल, मुख्य अभियंता (जल जीवन मिशन) आर. के. मीणा, मुख्य अभियंता (प्रशासन) राकेश लुहाड़िया, मुख्य अभियंता (विशेष परियोजना) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (जोधपुर) नीरज माथुर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (ग्रामीण) देवराज सोलंकी, सहित प्रदेश भर के पीएचईडी रीजन एवं प्रोजेक्ट्स से जुड़े अतिरिक्त मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता उपस्थित रहे।

## सीए परीक्षा में चित्तौड़ के विद्यार्थियों ने मारी बाज़ी

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राष्ट्रीय स्तर पर सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ, जिसमें चित्तौड़ के विद्यार्थियों ने बाजी मारी। पीयूष अग्रवाल के अनुसार सीए फाइनल परीक्षा नवम्बर के परिणाम में अक्षित बाघमार ने 464 अंक प्राप्त कर प्रथम, हर्षित श्रीमाली ने 439 अंक प्राप्त कर द्वितीय, महावीर जैन ने 424 अंक प्राप्त कर तृतीय, अभिनव आचलिया ने 418 अंक प्राप्त कर चतुर्थ व अक्षिता खंडेलवाल ने 416 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त कर चित्तौड़ जिले का नाम रोशन किया। जिले में सीए इंटर में केवल बोथ ग्रुप13 विद्यार्थी, प्रथम ग्रुप में 15 व द्वितीय ग्रुप में 23 पास हुए। नितेश सेठिया ने बताया कि सीए इंटर में येशा अजमेरा ने 480 अंक प्राप्त कर प्रथम, राम रोनक कोठारी ने 468 अंक प्राप्त कर द्वितीय, मेहुल जैन ने 465 अंक प्राप्त कर तृतीय, मिथिलिका ने 459 अंक प्राप्त कर चतुर्थ व आशता भूतडा ने 447 अंक प्राप्त कर पाचवा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

## सत्यनारायण व्यायामशाला पर कुश्ती चयन प्रतियोगिता 14 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम कुश्ती हॉल में 19 से 21 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग महिला व पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता हेतु चयन प्रतियोगिता बूंदी रोड़ स्थित सत्यनारायण व्यायामशाला में 14 जनवरी को आयोजित होगी। जिला कुश्ती संघ सचिव रतन गुर्जर ने बताया कि सीनियर वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों का वजन 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे प्रारम्भ होगा तथा उसके पश्चात् कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले को मूल दस्तावेज, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, पासपोर्ट, मेडिकल साथ लेकर आना होगा। वर्ष 2004 में जन्मे प्रतिभागी तथा मेडिकल के आधार पर 2005 व 2006 में जन्मे प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगें।

### शासन सचिव की अध्यक्षता पीएमश्री योजना की समीक्षा बैठक

# विद्यालयों में बालिकाओं के लिए 'टीचर मेंटोरशिप प्रोग्राम होगा लागू!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की बातों पर फोकस करते हुए राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में टीचर्स के माध्यम से विशेष मेंटोरशिप प्रदान करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'टीचर मेंटोरशिप प्रोग्राम फोर गर्ल्स' की रूपरेखा तैयार की जा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को इन विद्यालयों को विकसित करने के लिए कहा गया है, यह वर्तमान राज्य सरकार के संकल्प पत्र में भी प्राथमिकता है।

शासन सचिव नवीन जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षा संकुल में प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों को मिशन मोड में संचालित करने के सम्बंध में आयोजित बैठक में इस कंसेप्ट पर



प्रारम्भिक चर्चा की गई। बैठक में इस प्रोग्राम की शुरूआत प्रदेश में प्रथम चरण में चयनित 402 पीएमश्री स्कूलों में से 346 सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में करने के बारे में विचार विमर्श किया गया, इसके तहत इन स्कूलों में मेंटोर टीचर्स तैयार किए जाएंगे, जो बालिकाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर सेंसेटिव एप्रोच के साथ कार्य करेंगे। जैन ने प्रोग्राम पर प्रजेंटेशन के दौरान कहा कि इसके तहत स्कूलों में बालिकाओं से किशोरावस्था, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़ी बातों पर मेंटोर टीचर्स बालिकाओं से नियमित संवाद कर उनकी पढ़ाई और जीवन स्तर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस प्रोग्राम से बालिकाओं के ड्राप आऊट में सुधार के साथ ही उनमें 'हैपीनेस' बढ़ाने के लिए कार्य किया जा सकता है। बैठक में 'टीचर मेंटोरशिप प्रोग्राम फोर गर्ल्स' की शुरूआत पीएमश्री विद्यालयों से करते हुए इसे चरणबद्ध रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं विवेकानंद मॉडल स्कूलों के बाद अन्य सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में लागू करने पर चर्चा की गई।

बैठक में पीएमश्री विद्यालयों से सम्बंधित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान शासन सचिव ने इन विद्यालयों को आदर्श स्कूलों के रूप में विकसित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और समसा के अधिकारियों को साथ मिलकर एक टीम के तौर पर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के पीएमश्री विद्यालयों में हर बच्चे का रिकार्ड ट्रैक करते हुए लर्निंग आऊटकम को मॉनिटर करने, कॅरिअर काऊंसलिंग, ग्रीन स्कूल तथा फिजिकल फिटनेस एवं योगा जैसी गतिविधियों की नियमितता पर कार्य किया जाना आवश्यक है।

बैठक में स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष मोदी, संयुक्त शासन सचिव किशोर कुमार सहित राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं आरएससीईआरटी सहित अन्य विभागीय अधिकारी वीसी से जुड़े।

## जागरूक खबरें

### ■ बालिकाओं को इसी सप्ताह से मिलेंगी साइकिलें

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** डेढ़ साल से निःशुल्क साइकिलों का इंतजार कर रही बालिकाओं को इस सप्ताह से साइकिलों का वितरण होगा। जिन जिलों में साइकिलें तैयार हो चुकी हैं, अभी वहीं इनका वितरण शुरू होगा। वितरण कर 13 जनवरी तक प्रगति रिपोर्ट निदेशालय को भेजनी है। शिक्षा निदेशालय के वित्तीय सलाहकार ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजा है। प्रदेश में पिछले डेढ़ साल से करीब 7 लाख छात्राओं को साइकिल का वितरण नहीं हो पाया है।

### ■ मरणोपरांत किया नेत्रदान

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** महावीर इंटरनेशनल ने मंगलवार को सेंती निवासी शांतादेवी धर्मपत्नी स्व रोडी लाल रामपुरिया के अकस्मात निधन होने पर उनके परिजनों की उपस्थिति में संस्था के नवनीत मोदी, सी पी जैन एवं अभय संजेती के माध्यम से नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र उत्सर्जन का कार्य उत्सर्जन विशेषज्ञ राहुल छीपा द्वारा सम्पन्न किया गया। महावीर इंटरनेशनल परिवार दिवंगत शान्ती देवी रामपुरीया के आकस्मिक निधन पर श्रृद्धाजंलि अर्पित की।

### ■ रोटरी क्लब ने किये कंबल वितरित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** सामाजिक सरोकार के वर्ष भर किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में कड़ाके की ठंड को देखते हुए रोटरी क्लब ने चिकित्सालय मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए कंबल वितरित किये। जिला चिकित्सालय के मेल मेडिकल वार्ड को रोटनी क्लब द्वारा गोद लिया हुआ है। मनोज भोजवानी की अध्यक्षता में मेल मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीजों के लिए कंबल वितरित किए। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. दिनेश वैष्णव, डॉ. अनीश जैन, डॉ. ब्रिजेश धाकड़, श्याम लाल बैरवा, दिलीप पोखरना, महेश मालीवाल, मनोहर तोषनीवाल, अरविंद बल्दवा, नरेंद्र सावंत, बसंत हेड़ा, ऋतु पोखरना आदि उपस्थित थे।

### ■ जिला कारागृह विधिक सहातया शिविर आयोजित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ओमी पुरोहित एवं सचिव भानु कुमार के निर्देशानुसार लीगल एड डिफेंस काउंसिल कानूनी सहायता परामर्श रक्षा प्रणाली द्वारा मंगलवार जिला कारागृह में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ सावन श्रीमाली एवं गौरव टेलर द्वारा जेल में बंदी महिलाओं को उनके अधिकारों एवं न्याय प्रणाली में प्राप्त होने वाली विधिक सहायता, बंदियों के प्रकरणों के संबंध में प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की गई।

## आक्या ने अधूरी पड़ी हजारेश्वर महादेव पुलिया का किया निरीक्षण



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने शहर के सुनियोजित एवं व्यवस्थित विकास को लेकर मंगलवार को शहर के हजारेश्वर महादेव मन्दिर के आगे से कीरखेड़ा को जोड़ने के लिए अधूरी पड़ी पुलिया का निरीक्षण किया। विधायक आक्या ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों से चर्चा की। उन्होने क्षेत्रवासियों को जल्द राहत मिले इस हेतु कार्य को पुनः आरम्भ करने बाबत नगर विकास न्यास के अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। हजारेश्वर काजवे की ऊंचाई बढ़ाकर पुलिया बनाने का कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ किया गया था लेकिन अपने कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की नियत से पुलिया के नक्शे में छेड़छाड़ कर पुलिया की दिशा बदल दी गई जिसकी वजह से मुआवजे का विवाद उत्पन्न हो गया और पुलिया का कार्य बंद हो गया। इस पुलिया निर्माण पर यूआईटी द्वारा लगभग 8 करोड़ की राशी स्वीकृत की गई हैं। जनता के पैसों से भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने की कांग्रेस की प्रवृत्ति को लेकर विधायक आक्या ने नाराजगी जाहिर कर मौके पर यूआईटी अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में पुलिया निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने पर चर्चा की। विधायक आक्या ने कहा कि अगर पुलिया की दिशा नही बदली गई होती और पूराने काजवे पर ही नई सबमर्सिबल पुलिया बनाई जाती तो पैसे और समय दोनो की बचत होती और अब तक पुलिया का निर्माण पूर्ण हो चुका होता। इस अवसर पर हजारेश्वर महादेव महंत चन्द्र भारती, सुरेश झंवर, सुशील शर्मा, शैलेन्द्र झंवर, पार्षद अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, योगेश सोनी सहित क्षेत्रवासी व नगर विकास न्यास के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## गुलाबीनगरी में अयोध्या के प्राचीन राममंदिर का डेढ़ हजार साल पुराना अवशेष

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अयोध्या में बन रहे मंदिर को लेकर हर किसी के चेहरे पर खुशी है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित सिविल लाइंस विधायक डॉ गोपाल शर्मा के लिए ये पल खास है। वजह, राम मंदिर का अवशेष उनके पास होना। उनका कहना है, प्राचीन राममंदिर के अवशेष की वे पिछले चार दशकों से पुजा कर रहे हैं। मुझे अब भी याद है जब 1992 में विवादित ढांचे को गिराया गया , तब हजारों वषो? पुराने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर की परते खुलने लग गई। ये परतें राम मंदिर होने की गवाही दे रही थी। प्राचीन राममंदिर के अवशेष का दर्लभ अंश मैंने अपने पास रखा , तब से इस दुर्लभ अंश में राम का स्वरूप देख पूजा अर्चना की जा रही है। आपको बता दें कि पत्रकारिता के चार दशक के सफर में अयोध्या के विवादित ढांचे के स्थान पर राममन्दिर बनाने के लिए जो आन्दोलन चला उसके गोपाल शर्मा शुरु से ही गवाह रहे हैं और उन्होंने घटना दर घटना इसे कवर किया है।

## प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने शिविर का किया अवलोकन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी एंव बेगू विधायक डॉ सुरेश धाकड़ ने माधोपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने यहां विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से देश में जरूरतमंदों के लिए प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा वरदान की तरह सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 50 दिनों में 11 करोड़ से अधिक वंचितों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविरों के माध्यम से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखते हुए आमजन को पूर्ण सहयोग देने के निर्देश दिये। उन्होंने आमजन को शिविर के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की और इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने को प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई।

## स्वयंसेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। पर्यावरण संरक्षण पेड़ लगाओ विषय पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से सीताफल केंद्र तक रैली निकाली। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो भारती मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सीताफल केंद्र का सभी विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया। शिविर प्रभारी डॉ नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि बौद्धिक सत्र के दौरान डॉ. वी. के. पोरवाल द्वारा एक्यूप्रेशर-एक्यूपंचर एवं सुजोक चिकित्सा पद्धति की जानकारी दी। उन्होंने शरीर में सात अंतर चक्र व उनके प्रभाव के बारे में बताया। इसके उपरांत विनोद राव एवं विनोद कुमार ने पेपर क्राफ्ट कला से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवक दिलखुश के नेतृत्व में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. रतनलाल मारु, विशिष्ट अतिथि प्रो अखिलेश चाष्टा, शशि कुमार शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि प्रो चाष्टा ने सेवा के महत्व पर अपनी बात रखी। प्रो. मारू ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी देते हुए कर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न उदाहरणों द्वारा समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मेघा राणावत व मूमल ने राजस्थानी नृत्य, साहिल एवं जगदीश ने भजन, ममता ने गीत प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक सीमा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने रंगोली सजाई। इस दौरान संदीप शर्मा, डॉ. रेखा मानौतिया, रमेश जाबडोलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन ममता मेनारिया एवं पायल चौहान ने किया। अतिथियों का धन्यवाद डॉ रेखा मानौतिया ने किया।

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार का पोस्टर विमोचन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** आगामी 13 जनवरी को आयोजित होने वाली इलेक्ट्रोपैथी सेमिनार के पोस्टर विमोचन सांसद कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सीपी जोशी, जिलाध्यक्ष मिठ्ठूलाल जाट, श्रवण सिंह राव, अनिल शिशोदिया ने किया। इस दौरान जोशी ने कहा कि इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति पेड़ पौधों पर आधारित होने के कारण सरल एवं प्रभावी चिकित्सा है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एम्स जैसे अस्पतालों में आयुष की विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को एक साथ रोगी की चिकित्सा करने के अवसर प्रदान किए हैं। जोशी ने कहा कि अब दौर बदल गया है और ऐसी चिकित्सा पद्धतियों के विकास का मार्ग अब और अधिक प्रशस्त होगा। मनीष शर्मा ने 13 जनवरी को आयोजित होने वाली सेमिनार के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि रिनल डिजीज पर इस बार इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सक अपने अनुसंधान एवं परिणामों को जनता के बीच में रखेंगे। सेठिया ने बताया कि इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ रहेंगे।

ANCHOR | वॉलीबॉल मैच

# मेवाड़ धरा की टीम बनी विजेता

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी में सात दिवसीय विंटर स्पोर्ट्स एंड गेम्स के अंतर्गत मंगलवार को महिला खिलाड़ियों के बीच वॉलीबॉल के कड़े मुकाबले हुए। इस मौके पर महिला खिलाड़ियों का हौसलाफजाई करने के लिए यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. आलोक मिश्रा मैदान में मौजूद रहे। वॉलीबॉल मैच में खेले गए तीन सेट में से दो सेट जीतकर मेवाड़ धरा की टीम ने मैच को अपने नाम कर लिया। शारीरिक शिक्षा विभाग से विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिलाल बामता ने बताया कि तीन सेट में खेले गए मैच में मेवाड़ धरा की टीम ने पहले सेट में 15, दूसरे में 07 और तीसरे सेट में 15 प्वाइंट्स बनाए। इस टीम में सर्वाधिक 15 प्वाइंट्स महिला खिलाड़ी दीक्षा देवी ने बनाए। वहीं मेवाड क्लब की टीम ने पहले सेट में 13, दूसरे सेट में 15 और तीसरे सेट में 09 प्वाइंट्स बनाएं। इस टीम में सर्वाधिक प्वाइंट्स 13 महिला खिलाड़ी शांति कुमावत ने बनाएं। मैच में महिला बेस्ट प्लेयर दीक्षा देवी को घोषित किया गया। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा विभाग से शिक्षकगण और काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों को बताएं स्वस्थ रहने के तरीके

**मेवाड़** यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को निःशुल्क मुख एवं दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें चिकित्सकों ने मरीजों को दांतों की देखभाल करने से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. ज्ञान माहेश्वरी ने बताया कि कैम्प में मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया नागर और उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही छात्राओं के लिए स्त्री रोग से संबंधित एक सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. देबू श्री बागची चौहान ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव के साथ महिलाओं में होने वाली समस्याओं के निदान के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अधीक्षक विष्णु शर्मा, कनिष्ठ अनुदेशक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ सहायक सत्येंद्र सिंह, कनिष्ठ सहायक भीमराव जाटव आदि उपस्थित रहे।

